सूर्योदय 6:01 सूर्यास्त 6:36

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 28.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82201.16 |
| निफ्टी | 25145.10 |
| सोना 72,760 | चांदी 87,579 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 6 सितंबर 2024 | 22 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 260, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल की जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में वीरवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में 10 सितंबर को फैसला आएगा। वकील ने कहा कि केजरीवाल को इसलिए जमानत दी गई, ताकि वह बाहर न आ सकें, जबकि जमानत नियम और जेल अपवाद है। मनीष सिसोदिया को जमानत देते वक्त कोर्ट ने यही कहा था। सीबीआई ने दलील दी कि केजरीवाल को जमानत के लिए पहले ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए, सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं आना चाहिए।

### राजस्थान में सड़क हादसे में छह लोगों की गई जान

**जयपुर।** राजस्थान में अनूपगढ़ जिले में अनियंत्रित कार की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिलों पर सवार छह लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सूरजगढ़-विजयनगर सड़क मार्ग पर हुआ, जब ये लोग देर रात को जागरण से लौट रहे थे। इस दौरान 25 जीबी क्षेत्र में सामने से तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन की श्रीगंगानगर के जिला अस्पताल में मौत हो गई।

### पुलवामा में ग्रेनेड के साथ एक संदिग्ध पकड़ा

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के करीमाबाद इलाके में वीरवार को पुलिस ने ग्रेनेड के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अरसलान अहमद शेख के रूप में हुई है। यह आतंकियों को मददगार है। पुलवामा पुलिस करीमाबाद क्रॉसिंग पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान अहमद को पकड़ा गया। जांच में पता चला कि संदिग्ध ने नाका पार्टी पर ग्रेनेड फेंकने की योजना बनाई थी। पुलिस आतंकियों के मददगार से पूछताछ कर रही है।

### यूक्रेन की संसद ने चार मंत्रियों को किया बर्खास्त

**कीव।** यूक्रेन की संसद ने चार मंत्रियों को बाहर कर दिया है। वहीं, विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बुधवार को इस्तीफा दिया था। सांसदों ने यूरोपीय और यूरो-अटलांटिक एकीकरण के लिए उपप्रधानमंत्री ओल्हा स्टेफनिशिना, सामरिक उद्योग मंत्री ऑलेक्जेंडर कामिशिन, न्याय मंत्री डेनिस माल्युस्का और पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन मंत्री रुस्लान स्ट्रेलेट्स को बर्खास्त करने के लिए मतदान किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि कैबिनेट फेरबदल का उद्देश्य यूक्रेन को मजबूत करना है।

### शिवाजी प्रतिमा : मूर्तिकार को पुलिस कस्टडी में भेजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले की अदालत ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के मामले में गिरफ्तार मूर्तिकार-ठेकेदार जयदीप आप्टे और संरचना सलाहकार चेतन पाटिल को वीरवार को 10 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पाटिल को 30 अगस्त को कोल्हापुर से गिरफ्तार किया गया था, जबकि आप्टे को घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के लगभग 10 दिन बाद बुधवार रात ठाणे जिले के कल्याण से गिरफ्तार किया गया था।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस सीबीआई से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित बलात्कार और हत्या की पीड़िता के बारे में सोशल मीडिया पर घटिया पोस्ट को लेकर सीबीआई को 18 सितंबर तक रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने कहा कि इस तरह की घटिया टिप्पणी को समाज का कोई व्यक्ति स्वीकार नहीं करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से दी गई आपत्तिजनक पोस्ट की प्रति में नजर आ रहा है कि सोशल मीडिया पर पीड़िता की तस्वीर के साथ घटिया टिप्पणियां की हैं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- फुलाते समय छात्र के गले में फंसा गुब्बारा, अस्पताल में भर्ती -पेज 4
- अवैध पीजी संस्थानों पर प्रशासन करेगा कार्रवाई -पेज 6
- हरोली पुलिस ने डकैतों का तीसरा साथी जम्मू-कश्मीर से पकड़ा -पेज 12
- सिक्किम : सड़क हादसे में जेसीओ समेत चार जवानों की मौत -पेज 13
- पैरालंपिक: धर्मबीर ने क्लब थ्रो में जीता स्वर्ण और सूरमा ने रजत -पेज 14


## संजौली मस्जिद मसले पर बोले मुख्यमंत्री- शांतिपूर्ण ढंग से हों प्रदर्शन

# हिमाचल में आने वाला हर व्यक्ति कानून से बंधा : सुक्खू

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**शिमला** के संजौली में मस्जिद मामले को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में सभी नागरिक एक समान हैं और जो भी व्यक्ति कानून को हाथ में लेगा उससे सख्ती से निपटा जाएगा। हिमाचल में आने वाला हर नागरिक कानून से बंधा है।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से होना चाहिए। कानून-व्यवस्था को तोड़ने की इजाजत किसी को नहीं है। दरअसल, बुधवार को मानसून सत्र के दौरान मस्जिद का मामला उठा था, जिस पर अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हिमाचल में रोज नए लोग आ रहे हैं। क्या ये रोहिंग्या मुसलमान हैं। इन लोगों की वेरिफिकेशन होनी चाहिए। कोई भी धार्मिक संस्थान खोलने के लिए सरकार की परमिशन जरूरी है। मैंने नगर निगम से रिपोर्ट मंगवाई है, जिसके मुताबिक, 2010 में काम शुरू हुआ। 2012 में सुनवाई हुई, लेकिन अवैध निर्माण चलता रहा। जो जमीन है, उसका मालिकाना हक सरकार के पास है। (अनंत ज्ञान)



शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते भाजपा, हिंदूवादी संगठन और स्थानीय लोग।

### ओवैसी को अनिरुद्ध और विक्रमादित्य का करारा जवाब

## यहां नफरत की जगह नहीं





**अनिरुद्ध** सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर उन्हें करारा जवाब दिया है। अनिरुद्ध ने कहा कि ओवैसी तो खुद ही भाजपा की टीम-बी हैं। यह प्रदेश के मुद्दों को नहीं समझते हैं और उनकी राजनीति सिर्फ एक समुदाय पर चलती है। यह मुद्दा मंदिर और मस्जिद का नहीं है, बल्कि इमारत के अवैध और वैध होने का है। यहां पर अवैध रूप से निर्माण हुआ है और ऐसे में सरकार इस पर कानून के मुताबिक कार्रवाई करवाएगी। विक्रमादित्य ने कहा कि हिमाचल में मोहब्बत है। यहां किसी के लिए नफरत नहीं है। समाज के हर वर्ग को आगे ले जाना हमारा दायित्व है। उनकी सुरक्षा करना हमारा दायित्व है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है।

### मस्जिद अवैध है तो त्वरित कार्रवाई करे सरकार : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मस्जिद अवैध है तो त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। हम धर्म की बात नहीं करते, पर वैध और अवैध पर चर्चा तो होनी ही चाहिए। संजौली की मस्जिद का निर्माण 2010 में एक मंजिला हुआ था, यह मंजिल अवैध थी और नगर निगम शिमला की ओर से इस निर्माण पर रोक लगी थी। मौलवी कह रहा है कि 2017 तक निर्माण हो गया था। यह साफ-साफ नगर निगम शिमला और प्रशासन की लापरवाही है। अब मामला संज्ञान में आया है। कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी हुई है।

# तीन आपदा प्रभावित राज्यों की तर्ज पर मदद के लिए प्रस्ताव पास

## नेगी के बयान से खफा विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के मानसून सत्र के आठवें दिन वीरवार को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर में तीखी नोकझोंक हो गई। जगत नेगी ने कहा कि जयराम ठाकुर हमेशा बिना स्पीकर की परमिशन के बोलने के लिए उठ जाते हैं। वह अपने साथियों को भी नहीं बोलने देते। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से लाए गए प्रस्ताव को समर्थन नहीं करना था, इसलिए सदन से उठकर बाहर चले गए। राजस्व मंत्री सदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू की ओर से लाए गए उस प्रस्ताव पर बोल रहे थे, जिसमें राज्य सरकार ने सिक्किम, असम और उत्तराखंड की तर्ज पर राहत राशि की मांग की गई।

वहीं, तीन आपदा प्रभावित राज्यों की तर्ज पर मदद के लिए प्रस्ताव पास किया गया। जगत नेगी ने कहा कि तीन प्रदेशों को केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट में सीधे तौर पर राहत राशि देने का ऐलान किया, जबकि हिमाचल को और तरीके से मदद की बात कही गई। केंद्र से आर्थिक मदद मांगना हमारा संवैधानिक अधिकार है। हिमाचल ने केंद्र से 9000 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की मांग की, मगर केंद्र से हमें अब तक एक रुपए की भी मदद नहीं मिली। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आपदा को लेकर विपक्ष हमारे साथ खड़ा नहीं रहा। हमें मालूम था कि इस प्रस्ताव पर विपक्ष बाहर जाएगा। बीते साल भी जब आपदा राहत को लेकर प्रस्ताव लाया गया था और 9000 करोड़ की मांग केंद्र से की गई थी, उस दौरान भी विपक्ष ने वॉकआउट किया था। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विपक्ष के रवैये को लेकर सदन में निंदा प्रस्ताव लाया।



जगत नेगी के बयान से खफा होकर सदन से वॉकआउट कर बाहर जाते विपक्ष के नेता।

### सीएम ने कहा- भाजपा विधायक दल कंफ्यूज

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सुक्खू ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि जैसे असम, उत्तराखंड और सिक्किम को मदद दी जा रही है, उसी दृष्टि से हमें भी मदद दी जाए। हिमाचल की आर्थिक मदद की जब बात आती है तो विपक्ष बाहर चला जाता है। जब भी सत्तापक्ष का कोई विधायक बोलता है, तो जयराम और रणधीर शर्मा बोलने उठ जाते हैं। उन्होंने कहा पूरा भाजपा विधायक दल कंफ्यूज नजर आ रहा।

### पहले मिले बजट को ही खर्च नहीं पाई सरकार : रणधीर

**भाजपा** विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र से आर्थिक मदद तो मांग रही है, लेकिन जो बजट पहले मिला है, उसे सरकार खर्च नहीं कर पाई है। मुख्यमंत्री ने पैकेज के नाम पर जनता को ठगा है। 1782 करोड़ में से 142 करोड़ रुपए 31 मार्च 2024 तक अनस्पेंट थे। जनता की ओर से दान में दिए गए 251 करोड़ भी खर्च नहीं हो पाए। अब किस मुंह से मांग रहे हैं।

# किन्नौर में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त 3 महिलाओं की मौत, 4 जख्मी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

**किन्नौर** जिले के पूह में वीरवार सुबह 9 बजे एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होकर 50 फुट नीचे सड़क पर जा गिरी। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं।

घायलों को रिकांगपिओ अस्पताल से सेना के हेलिकॉप्टर से आईजीएमसी शिमला एयरलिफ्ट किया गया। पूह गांव की छह महिलाएं मनरेगा के कार्य के दौरान पिकअप (एचपी 67-3488) से बजरी लेकर पूह पंचायत क्षेत्र के गांधी मोहल्ला सड़क से जा रही थीं। इस दौरान पूह सामुदायिक अस्पताल के निकट पिकअप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में छेवांग जांगमो, इंद्र मोनी, सरिता की मौत हो गई, जबकि सुरेंद्रा, छोकित, शांति सहित वाहन चालक दीपक कुमार घायल हो गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य डॉ. सूर्या बोरस ने मृतक परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विनय मोदी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार व घायलों को 5-5 हजार रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)



घायलों को सेना के हेलिकॉप्टर से आईजीएमसी किया एयरलिफ्ट

# भारत और सिंगापुर के बीच चार समझौते


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच समझौतों को बताया संबंधों का नया अध्याय

**एजेंसी, सिंगापुर**

**पीएम** नरेंद्र मोदी का वीरवार को सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने जोरदार स्वागत किया। मोदी ने कहा कि सिंगापुर सिर्फ एक सहयोगी देश ही नहीं, हर विकासशील देश के लिए एक प्रेरणा है। हम भी भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में मिलकर कोशिश कर रहे हैं।

पीएम मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। भारत और सिंगापुर ने सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सहयोग और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में अहम समझौते पर दस्तखत किए। समझौते के मुताबिक दोनों देश सेमीकंडक्टर, कलस्टर डेवलपमेंट, सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि सिंगापुर के साथ हुए चार अहम समझौतें संबंधों का नया अध्याय है। दोनों देशों के बीच डिजिटल तकनीक जैसे डीपीआई, साइबर सिक्योरिटी, 5जी, इमर्जिंग तकनीक जैसे सुपर कंप्यूटिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति बनी। इसके अलावा दोनों देशों के बीच श्रमिकों के कौशल को बढ़ाने और डिजिटल डोमेन में काम करने वाले लोगों के स्किल को बेहतर बनाने को लेकर भी समझौता हुआ है।

मोदी ने सिंगापुर के पूर्व समकक्ष ली सीन लूंग से मुलाकात की और उन्हें भारत-सिंगापुर संबंधों का मजबूत समर्थक बताया। उधर, पीएम मोदी वीरवार शाम को ब्रुनेई और सिंगापुर यात्रा के बाद भारत वापस लौट आए हैं।



### अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, 4 की मौत

**विंडर (अमेरिका)।** अमेरिका के जॉर्जिया में एक हाई स्कूल में 14 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी की, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। जॉर्जिया जांच ब्यूरो के निदेशक क्रिस होजी ने बताया कि मृतकों में अपालाची हाई स्कूल के दो छात्र और दो शिक्षक शामिल हैं, जिनकी पहचान छात्र मेसन शरमरहॉर्न (14) और क्रिस्टियन एंगलो (14) व प्रशिक्षक रिचर्ड एस्पिवॉल (39) और क्रिस्टिना इरीमी (53) के रूप में हुई है। गोलीबारी में आठ विद्यार्थियों और एक शिक्षक समेत नौ अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, छात्र को गिरफ्तार कर क्षेत्रीय युवा सुधार गृह भेजा गया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि देश में मूर्खतापूर्ण बंदूक हिंसा समाज को तोड़ रही है। देश इसे सामान्य रूप से स्वीकार नहीं कर सकता है।

## भारत कर सकता है रूस-यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थता : पुतिन

**एजेंसी, मॉस्को**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वह जंग में समझौते को लेकर यूक्रेन से बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत, चीन और ब्राजील दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर सकते हैं।

व्लादिवोस्तोक शहर में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि 2022 में जब जंग शुरू हुई थी, तब तुर्किये ने दोनों देशों के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी। हालांकि, उन शर्तों को कभी लागू नहीं किया गया था। अब नए सिरे से बातचीत शुरू करने के लिए पिछली कोशिश को आधार बनाया जा सकता है। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के एक महीने बाद रूस और यूक्रेन के बीच तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल में कई दौर की बातचीत हुई थी। इसका मकसद जंग रोकना था। पुतिन ने जंग रोकने के लिए दो शर्तें रखी थीं। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन को दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसोन और जपोरजिया से अपने सैनिक हटाने होंगे। इसके अलावा यूक्रेन कभी भी नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। हालांकि यूक्रेन ने इन शर्तों को मानने से इनकार कर दिया था।



बोले- यूक्रेन से बातचीत के लिए हम तैयार हैं

### तेलंगाना में छह माओवादी ढेर दो कमांडो घायल

**हैदराबाद।** भद्राद्री कोठागुडेम जिले में वीरवार को पुलिस और प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में माओवादी संगठन की दो महिला कैडर समेत छह माओवादियों को मार गिराया गया। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में तेलंगाना पुलिस की नक्सल रोधी शाखा 'ग्रेहाउंड्स' के दो कमांडो भी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया है। सूचना मिली थी कि माओवादियों की टीम पड़ोसी छत्तीसगढ़ से तेलंगाना आ रही है, जिसके बाद विशेष पुलिस दस्ते ने इलाके में छानबीन शुरू की, तभी यह घटना हुई। पुलिस ने दो महिला कैडर समेत छह माओवादियों के शव बरामद किए हैं।




## शिक्षक दिवस — 27 को राज्य और एक को मिला वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

# राज्यपाल ने नवाजे उत्कृष्ट शिक्षक



हिमाचल के उत्कृष्ट शिक्षकों के साथ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने शिक्षक दिवस पर राजभवन शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में 27 शिक्षकों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया।

वहीं, चंबा के खरगड़ के रसायन विज्ञान के प्रवक्त सुनील कुमार को वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने सभी पुरस्कार विजेताओं को पौधे भी भेंट किए। पुरस्कार विजेता शिक्षकों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को समाज के सभी वर्गों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, तभी सीखने-सिखाने की प्रक्रिया प्रभावी हो सकेगी।

### इन अध्यापकों को मिला राज्य पुरस्कार

**डॉ.** सुनील दत्त (जोगिंद्रनगर), रोहित वर्मा (नारगा), मोहन शर्मा (इंदौरा), भूपेंद्र सिसोदिया (थरोच), ओपेंद्र सिंह नेगी (चौरा), कुंदन लाल (आनी), संजय कुमार (सराहन), केदार नाथ शर्मा (रेई), दीपक शर्मा (मशोबरा), पुष्पेंद्र कौशिक (घणागूघाट), सुरेंद्र सिंह पुंडीर (छोगटाली), डॉ. संजीव कुमार (शामलाघाट), डॉ. संजय कुमार (सुंदरनगर), हरदीप सिंह (त्यूरी), नरेश कुमार (सुबाथू), हेमराज (ढंगियारा), प्रेम सिंह ठाकुर (सुल्तानपुर), चंदना देवी (जिस्कू), सुभाष चंद (लद्दा), सुनील कुमार (चकमोह), भागीरथी शर्मा (पुंजविला), मधुबाला (भरेंगी), उपेंद्र ठाकुर (थमरी निहरी), सुरेंद्र कुमार (फिरनू), संत कुमार नेगी (पांगी), रीता बाला (ब्रेलग्गी), कांता शर्मा (चौपाल)।

## न्यूज ब्रीफ

### संजीवनी सहारा समिति रोहडू ने दी सहायता राशि




**दशमी रावत, रोहडू।** संजीवनी सहारा समिति रोहडू सदैव ही जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तैयार रहती है, और हर संभव मदद करती आ रही है। समिति ने उत्तराखंड की दुनी पंचायत तहसील मोरी, जिला उत्तरकाशी की बिमला देवी के इलाज के लिए 5000 रुपए से आर्थिक मदद की है। बिमला देवी कैंसर से पीड़ित है और धर्मशाला में पिछले लंबे समय से उसका इलाज चल रहा है। साथ ही संजीवनी सहारा समिति ने रोहडू के मेहरा गांव के अशोक शर्मा की बेटियों के इलाज के लिए 5000 रुपए की सहायता की है। नेरवा में गाड़ी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### सनरॉक प्ले स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस




**कोटखाई, भरत ठाकुर।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा कोटखाई में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े किया गया, जिसमें प्ले स्कूल के बच्चों, प्रधानाचार्या शैलजा अमरेईक व स्टाफ की समस्त सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर शैलजा अमरेईक, प्रधानाचार्या ने बच्चों को जानकारी दी कि भारत में टीचर्स-डे वर्ष 1962 से मनाया जाता है। स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल क्षेत्र के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रहा है।

### बहुतकनीकी कालेज रोहडू में प्रस्तावना कार्यक्रम आयोजित



**दशमी रावत, रोहडू।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहडू में डी. फार्मेसी प्रथम वर्ष के नए सत्र का आरंभ हो गया है। जिसमें छात्रों के लिए शुरू में प्रस्तावना कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें छात्रों का परिचय भी होता है। वहीं पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाती है और उनके भविष्य के करियर के बारे में भी उनको अवगत करवाया जाता है। इसी उपलक्ष में इन छात्रों के लिए भी करियर ऑपर्च्युनिटी इन फार्मेसी विषय पर मुख्य वक्ता डॉ. विवेक शर्मा निदेशक व प्राचार्य राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहडू ने संबंधित विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध करवाई और उनके करियर के बारे में उनको विशेष रूप से अवगत करवाया कि वे किस तरह फार्मेसी क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते है। संस्थान के प्राचार्य राकेश शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

### ऋषि पंचमी जातर मेला बंगा पानी में 8 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** चियोग व रतेश क्षेत्र का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक ऋषि पंचमी जातर मेला आगामी 8 सितंबर को चियोग के समीप धरेच रोड पर स्थित कलौहर नाग मंदिर बंगापानी में मनाया जाएगा। मेला समिति के अध्यक्ष एवं बजीर सीता राम शर्मा ने बताया कि मेले के पहले दिन सात सितंबर को जैईश्वरी काली माता दलेंया और कलौहर नाग देवता ग्रेंज का विशेष आगमन होगा और रात्रि को दोनों देवी व देवता की परंपरा के अनुसार पूजा की जाएगी। 8 सितंबर को मेले का आयोजन होगा जिसमें करीब 12 पंचायतों के लोग माता जैईश्वरी और कलौहर नाग का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मेले में महिलाओं की रस्साकस्सी प्रतियोगिता रखी गई है। सीता राम शर्मा ने बताया कि मेले में ग्रीन बैरी संस्था नारकंडा के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेगें।

### शिक्षक दिवस पर छात्रों को बांटी 300 किताबें



**गोपाल कपिल, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में वीरवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर प्रो. सुरेश कुमार शर्मा ने कॉमर्स के सभी विद्यार्थियों को लगभग 300 किताबें आवंटित की। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वह विद्यार्थी भी आए थे, जो दूसरे संस्थानों में एमकॉम कर रहे हैं और उन बच्चों को भी पुस्तकें आवंटित की गई। प्रो. सुरेश कुमार शर्मा ने हमेशा ही जरूरतमंद विद्यार्थियों की मुफ्त पुस्तकें देकर सहायता की है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सतीश चंदेल, एवं प्रो बलबीर चांद ने छात्रों को पुस्तकों का सदुपयोग करने और भविष्य को उज्जवल बनाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य सतीश चंदेल ने प्रो. सुरेश कुमार शर्मा द्वारा पुस्तक वितरण को बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बताया ताकि कोई भी जरूरतमंद विद्यार्थी पुस्तकों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से यह अनुरोध किया कि वह उन पुस्तकों का उचित उपयोग करके अपने भविष्य को सुदृढ़ बनाएं। (अनंत ज्ञान)

### शिक्षक दिवस पर रोपे सैकड़ों फलदार पौधे



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में शिक्षक दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल स्टाफ ने झंडूता के एक एनजीओ जल संबंल प्रकृति हिताय सीमित झंडूता के सहयोग से सैकड़ों पौधे रोपे गए। इसमें फलदार व औषधीय पौधे लगाये गए। इनमें नीबू,लीची, आंवला, नीम, हरड़, अनार के पौधे लगाए गए। इसमें सबसे पहले खंड चिकित्सा अधिकारी अखिलेश गौतम ने संस्था से आए लोगों का इस नेक कार्य करने के लिए धन्यवाद किया। इसके उपरांत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए उन्हें फूल अर्पित किए। इस अवसर एनजीओ के अध्यक्ष रमेश ने बताया कि यह मुहिम हमने चलाई है, यदि जंगलों में पौधे नहीं होंगे तो सारे जानवर जंगलों से निकलकर गांवों में आ जाएंगे।

### शिक्षक के सानिध्य में लक्ष्य निर्धारित करें छात्र



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसायटी (एचईआईएस) द्वारा शिक्षक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.रामकृष्ण ने की इस अवसर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुयोग्य शिक्षकों के सानिध्य में रह कर लक्ष्य निर्धारित कर कड़ा परिश्रम करना चाहिए। इस अवसर पर एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि शिक्षक को चरित्रवान, सदाचारी, विद्वान, अनुकरणीय तथा उदाहरणीय होना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु की महिमा, डॉ.राधाकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। विभाग के प्राध्यापक रोहित कुमार ने गुरु के वैदिक तथा प्राचीनकाल में भूमिका तथा महत्व पर अपने विचार रखे। शिक्षक दिवस पर एचईआईएस द्वारा प्रो. रामकृष्ण को उनके योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अवसर पर प्रो. रजनी ठाकुर, प्रो. प्रियंका, डॉ. रवि कुमार, प्रो.भारती शर्मा, प्रो. शिवानी, सचिन भारद्वाज, सभी कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मस्जिद मसला गरमाया, भड़के हिंदू संगठन उतरे सड़कों पर

# संजौली व चौड़ा मैदान में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के संजौली में मस्जिद को लेकर मामला गर्मा गया है। लोग यहां पर सड़कों पर उतर गए और मस्जिद तोड़ने की मांग की गई। लोगों ने इस दौरान सरकार को 10 दिन का अल्टीमेंटम दिया है। अगर इससे नहीं तोड़ा गया तो उग्र आंदोलन होगा। गुरूवार को दो जगह संजौली व चौड़ा मैदान में प्रदर्शन हुए।

संजौली में अवैध निर्माण के विरोध में हिंदूवादी संगठनों, स्थानीय लोगों व भाजपा की ओर से प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अवैध निर्माण के विरोध में गुरुवार दोपहर 12 बजे संजौली चौक से ढली टनल और फिर चौक तक प्रदर्शन हुआ।

इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी 1:35 बजे दोबारा संजौली चौक पर पहुंचे। इससे ट्रैफिक जाम हो गया। इसके बाद प्रदर्शनकारी संजौली चौक पर बैठ गए। वाहनों की लबी कतारें लग गई। कई एंबुलेंस भी जाम में फंस गईं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। लोगों ने अवैध निर्माण गिराने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। शनिवार के एमसी कमिशनर कोर्ट के फैसले का इंतजार करेंगे। फैसला न होने की स्थिति में बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

उधर इसी मामले पर देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा ने चौड़ा मैदान में प्रदर्शन किया और इस दौरान सरकार के समक्ष मांगों को रखा। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रुमित ठाकुर ने बताया कि उनकी मांग अवैध ढांचे को गिराने की है। इसके अलावा प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले प्रवासी लोगों के पंजीकरण करने और अवैध रूप से सड़कों पर रेहड़ी-फड़ी सजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी जाएगी।



संजौली में प्रदर्शन करते हुए हिंदू संगठन के सदस्य।

### क्या है पूरा मामला

संजौली में अवैध निर्माण को गिराने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने बीते रविवार को तीन घंटे तक जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में प्रदर्शन किया। बताया गया कि शुक्रवार रात को मल्याणा में दो गुटों के बीच हुई मारपीट के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष था। प्रदर्शन के बाद निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने इस पर स्थिति स्पष्ट की। नगर निगम के अनुसार साल 2010 से यहां वक्फ बोर्ड की जमीन पर निर्माण शुरू हुआ था। तब से नगर निगम आयुक्त कोर्ट में इस पर सुनवाई चल रही है। हालांकि, कोरोनाकाल के दौरान अचानक तीन मंजिलें तैयार हो गईं। इसकी भी सुनवाई चल रही है। यह निर्माण बिना नक्शे के किया गया है। नगर निगम के अनुसार हाल ही में संस्थान के पास एक शौचालय का निर्माण भी हो गया। इसे शिकायत मिलते ही तुड़वा दिया गया।

## एचआरटीसी बस में छात्रा से छेड़छाड़

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सुन्नी थाना क्षेत्र में सरकारी बस में सफर कर रही एक छात्रा के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के दो कर्मचारियों पर छात्रा से छेड़खानी के आरोप लगे हैं। छेड़खानी करने वाला एक आरोपी एचआरटीसी का चालक और दूसरा मैकेनिक है। पीड़िता एक निजी शिक्षण संस्थान की छात्रा है। पीड़िता की शिकायत पर सुन्नी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। बता दें कि आरोपी खेम राज एचआरटीसी बस में चालक है, वह बस यात्री बनकर सफर कर रहा था। दूसरा आरोपी चमन प्रकाश एचआरटीसी की वर्कशॉप में मैकेनिक के पद पर कार्यरत है। खेम राज मंडी जिला के करसोग और चमन प्रकाश शिमला के सुन्नी का निवासी है।

## अंडर-19 में नेरवा और चौपाल स्कूल बने ओवरआल चैंपियन

**सपना सूद, चौपाल/ नेरवा**

नेरवा शिक्षा खंड की अंडर-19 छात्रा वर्ग खेलकूद स्पर्धाएं राजकीय वरिष्ठ माध्यम स्कूल मनेवटी में तथा चौपाल शिक्षा खंड की स्पर्धाएं बमटा में संपन्न हुई। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नेरवा और चौपाल का दबदबा रहा। नेरवा व चौपाल स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल को ओवरआल चैंपियन का खताब दिलवाया।

वॉलीबाल के फाइनल मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यम स्कूल ईड़ा ने नेरवा स्कूल को पटकनी देकर खिताब अपनी झोली में डाला, वहीं कबड्डी में नेरवा स्कूल ने थरोच स्कूल को धूल चटाते हुए जीत दर्ज की । इसी प्रकार खो-खो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हिराह ने हलाऊ स्कूल पर भारी पड़ते हुए खिताब अपने नाम किया,जबकि बैडमिंटन में नेरवा ने देइया और चैस में भी नेरवा ने शामठा पर भारी पड़ते हुए खिताब अपने नाम किया ।

## विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक के महत्व पर की चर्चा



अध्यापकों को पुरस्कृत करते प्राचार्य ।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में शिक्षक दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. आरएल शर्मा व विशिष्ट अतिथि पूर्व में महाविद्यालय की प्राचार्य रही।

डॉ. नीना गुप्ता (सेवानिवृत) तथा राजकीय महाविद्यालय बंजार जिला कुल्लू के सेवानिवृत प्राचार्य महोदय डॉ. दीपक शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

इस समारोह की विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. नीना गुप्ता ने विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक के महत्व पर विस्तार से चर्चा की । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शर्मा अपने वक्तव्य में गुरुओं के महत्व को सिद्ध करते हुए कहा कि शिक्षक को टेक्नोलॉजी के माध्यम से कभी नहीं बदला जा सकता है। इस संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन सानवी वर्मा तथा कृतिका वर्मा के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा ।(अनंत ज्ञान)

## कोटखाई डीएवी महाविद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** डीएवी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षक के सम्मान में अनेकों प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई जिसमें बच्चों के द्वारा एकल गान, एकल नृत्य, चम्बयाली नृत्य, पाश्चात्य नृत्य, पंजाबी नृत्य तथा पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की गई। बच्चों के द्वारा अध्यापक वर्ग से गेम्स करवाई गई।

प्राचार्य डॉ. रोशनलाल वशिष्ठ द्वारा अपने संबोधन में गुरु की महत्ता के विषय में बताया कि जिस प्रकार से कुम्भहार मटके को आकार देता है उसी प्रकार गुरु अपने शिष्य को अंधेरे से उजाले की ओर लेकर जाता है। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के महान विचारों के विषय में बताया कि इन्होंने 5 सितम्बर को अपना जन्मदिन मनाकर सम्पूर्ण भारतवर्ष में शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया।

## विद्या मंदिर सुन्नी में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी और अध्यापक वर्ग ।

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म उत्सव को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरभजन कौर शिक्षा विभाग से प्रवक्ता अंग्रेजी सेवानिवृत्ति एवं प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती मोनिका गुप्ता जी उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रेस सचिव हेम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि मुख्यातिथि द्वारा दीप ज्योति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं प्रधानाचार्या श्रीमती चंपा वर्मा ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य चंपा वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमारे विद्यालय के आचार्य दीदी के द्वारा जो पथ प्रदर्शन किया जा रहा है उसको अमल में लाइन एवं संस्कारों को अपने जीवन में एक अहम स्थान प्रदान करने की प्रेरणा दी।

## हिमाचल के मामलों में हस्तक्षेप न करें असदुद्दीन ओवैसी : चेतन

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली में एक मस्जिद के निर्माण को लेकर तनाव बढ़ गया है। भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने इस मामले में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के हस्तक्षेप का कड़ा विरोध किया है।



हिमाचल के पूर्व मंत्री स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा के बेटे चेतन बरागटा ने हिमाचल के मुद्दों पर टिप्पणी करने के लिए ओवैसी की आलोचना की है और कहा कि राज्य को अपने मामलों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

ओवैसी की एक्स पर की गई हालिया टिप्पणियों की आलोचना करते हुए बरागटा ने उनसे पूछा है कि आप हमेशा ऐसा क्यों सोचते हैं कि सच बोलने वाला हमेशा आपको केवल भाजपा से ही क्यों लगता है?

## कोल डैम एरिया में तैयार होंगे होम स्टे

### पर्यटन विभाग ने की ग्रामीणों से बैठक, हर घर को मिलेगा रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले के कोल डैम क्षेत्र में होम स्टे तैयार होंगे और इसके लिए खाका भी तैयार किया जा रहा है। इस योजना से हर घर को रोजगार मिलेगा। हरनोड़ा पंचायत में पर्यटन विभाग से पहुंचे उपनिदेशक मंडी-बिलासपुर (डीटीडीओ) मनोज कुमार और रितेश पटियाल एटीडीओ ने ग्राम पंचायत प्रधान देश राज ठाकुर उपप्रधान राजीव कुमार , सेवानिवृत्त उपनिदेशक कृषि सेवाएं डॉ. प्रकाश चंद, पूर्व उपप्रधान जोगेंद्र सिंह ठाकुर, सेवानिवृत्त पुलिस सहायक निरीक्षक गोपाल शर्मा, हक्म सिंह ठाकुर, अनिल कुमार, डिंपल, काका, राकेश ठाकुर केशू आदि के साथ पर्यटन विभाग की ओर से गांव में होम स्टे योजना पर चर्चा की।

बता दें कि देशी-विदेशी पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश का लुत्फ देने के लिए डीसी आबिद हुसैन की सोच पर्यटन निगम के माध्यम से कोल डैम के साथ लगते गांवों में होम स्टे विकसित करने की योजना है। होम स्टे का मुख्य उद्देश्य सीधा यहां पर होने वाली वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी से है। यहां मामूली शुल्क पर पर्यटक घरों में रुककर ग्रामीण संस्कृति और खानपान से न केवल परिचित होंगे, बल्कि इस परिवेश का पूरा आनंद भी उठाएंगे।



### ग्रामीणों ने की उपायुक्त सादिक की प्रशंसा

**स्थानीय** ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त आबिद हुसैन की इस पहल की सराहना की है। प्रदेश के कई जिलों में होम स्टे काम कर रहे हैं, वही बिलासपुर जिले में अब तक 44 होम स्टे की सूची है। यहां ग्रामीणों के घर में ही अलग से रुकने, ठहरने, खाने की व्यवस्थाओं वाला आवास तैयार किया जाएगा। कोल डैम के वाहोट-कसोल में वाटर स्पोर्ट्स होने से देशी-विदेशी पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश का माहौल मिल सकेगा। बीते मंगलवार को जिला प्रशासन के डिप्टी कमिश्नर आबिद हुसैन के निर्देश पर मंडी स्थित पर्यटन विभाग से आए डिप्टी डायरेक्टर ने स्थानीय विस्थापितों के साथ एक बैठक की। बैठक में होम स्टे खोलने के उद्देश्य को लेकर ग्रामीणों को टिप्स भी दिए। पर्यटन विभाग की टीम ने होम स्टे खोलने की पूरी प्रक्रिया से लोगों को अवगत करवाया । क्षेत्र का दौरा कर टीम डिप्टी कमिश्नर आबिद हुसैन को रिपोर्ट भी सौंपेगी। डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि हिमाचली आतिथ्य का अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका होम स्टे है। होमस्टे में किसी के घर में कम समय के लिए पेइंग गेस्ट के रूप में रहना शामिल है, जहां मेहमानों को व्यक्तिगत परिवार और स्थानीय समुदाय द्वारा बजट अनुकूल आवास और सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यहां पर 40 किलोमीटर शानदार झील व प्राकृतिक परिवेश से परिपूर्ण ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर सकेंगे वही स्थानीय संस्कृति और व्यंजनों का आनंद भी मिलेगा।

## डंगार में शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षा संवाद


**बलवंत कमल, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने किया। इस शिक्षा संवाद में सभी अभिभावकों ने बढ चढ़कर भाग लिया। पाठशाला के 90 प्रतिशत छात्रों के अभिभावक शिक्षा संवाद पर विद्यालय आए। शिक्षा संवाद की शुरूआत अभिभावकों द्वारा शपथ लेकर की गई। शिक्षा संवाद मे प्रधानचार्या ने अभिभावकों के साथ नई शिक्षा नीति, मूल्यांकन प्रणाली, ग्रेडिंग व बच्चों के उपलब्धि स्तर को अभिभावकों के साथ साझा किया। उन्होंने सभी अभिभावकों को जागरूक रहने और बच्चों के साथ समय बिताने के लिए कहा। रेखा शर्मा ने विभाग द्वारा तय की गए 14 बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की। यह इस सत्र का प्रथम शिक्षा संवाद है। रेखा शर्मा ने अभिभावकों से कहा कि विद्यार्थियों में गुणात्मक शिक्षा व नैतिक मूल्य के विकास में अध्यापकों के साथ परिजनों का बहुत बड़ी भूमिका है। बच्चों के अभिभावक एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और अध्यापक मिलकर यदि कार्य करें तो विद्यार्थी निश्चित रूप से आसमान की बुलंदियों को छुएंगे। (अनंत ज्ञान)

## डीसी ने किया क्यारियां-जाबल मार्ग का निरीक्षण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने वीरवार को फोरलेन निर्माण के दौरान कंपनी द्वारा इस्तेमाल किए गए खस्ता हाल क्यारियां से जाबल सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, तहसीलदार सहित नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उपायुक्त बिलासपुर में 1200 मीटर सड़क का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के खस्ता हाल होने से इस क्षेत्र के टाली और सुनहान पंचायत के तीन गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को फोरलेन उतरने और बिलासपुर की ओर जाने के लिए 10 से 15 किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि सड़क का जल्द समाधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने शमशान घाट की ओर जाने वाली सड़क का भी निरीक्षण किया और मौके पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को शमशान घाट तक जाने वाली सड़क को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि फोरलेन बनने से पहले ही क्षेत्र में तीन बसें चलती थी और अब एक भी बस इस क्षेत्र में चल नहीं चल रही है। जिसके कारण यहां के लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में सुबह.शाम सरकारी बस चलने का आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने के उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

## 80 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिक्षक दिवस के मौके पर बिलासपुर के सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा घुमारवीं में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिलाभर से सेवानिवृत्त शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। गौरतलब है कि इससे पूर्व बिलासपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा 5 सितंबर 1997 में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके बाद अब 27 वर्ष के पश्चात सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ एवं समाज सुधार समन्वय समिति के बैनर तले घुमारवीं में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त शिक्षकों को एसडीएम द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमें युवाओं से नशे से दूर रहने व सामाजिक कुरूतियों के खिलाफ सभी को एकजुट होकर आगे आने की अपील की गई। वहीं रैली के पश्चात सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा एसडीएम घुमारवीं को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

## गणेश चतुर्थी

### भगेड़ में 13 सालों से एक ही परिवार तैयार करते आ रहा भगवान गणेश की मूर्तियां

# हीरा राम से मूर्तियां खरीदने को दूर-दूर से आते हैं लोग

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

गणेश चतुर्थी का पर्व देशभर में 7 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसको लेकर मूर्तिकारों द्वारा भगवान गणेश की मूर्तियां तैयार की जा रही हैं। गणेश भक्त इस पर्व को जश्न के रूप में मनाते हैं और भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियों की घरों में स्थापना कर पूजा-अर्चना करते है।

बात करें देवभूमि हिमाचल प्रदेश की तो बिलासपुर जिले में भी गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारियां जोरो-शोरों पर चली हुई हैं। इस पर्व को सफल बनाने के लिए एक राजस्थानी परिवार बीते 13 सालों से भगवान गणेश की मूर्तियां बनाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। घुमारवीं उपमंडल के भगेड़ स्थित मूर्तिकार हीरा राम 13 वर्ष पूर्व अपने परिवार के साथ राजस्थान से घुमारवीं आए थे जहां उन्होंने गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर भगवान गणेश की मूर्तियां बनाना शुरू की।

शुरुआती दिनों में मूर्तियों की कम मांग होने के चलते 8 से 10 मूर्तियां ही बिकी मगर हीरा राम व उसके परिवार का हौसला नहीं डगमगाया और उन्होंने अपना पेशा नहीं छोड़ा। धीर-धीरे बिलासपुर जिला के लोगों में गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर उत्साह बढ़ने लगा और ग्रामीण व शहरी इलाको में भगवान गणेश की मूर्तियों की मांग बढ़ने लगी और आज हीराराम गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान 100 से अधिक मूर्तियां बेचते हैं।

भगवान गणेश की मूर्ति खरीदने आए लोगों का कहना है कि गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर वह काफी समय से मूर्तिकार हीरा राम से भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदते आए हैं। पहले उन्हें मूर्तियां खरीदने के लिए चंडीगढ़ जाना पड़ता था, मगर हीरा राम के आने के बाद से उन्हें नजदीक ही भगवान गणेश की मूर्ति उपलब्ध हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि हीरा राम द्वारा बनाई गई मिट्टी की मूर्तियां देखने में काफी सुंदर व सजीव प्रतीत होती हैं, जिनका दाम भी अन्य बाजारों के मुताबिक कम है इसीलिए वे हीरा राम से ही मूर्ति खरीदना पसंद करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### 300 से 51 हजार रुपए तक है कीमत

**मूर्तिकार** हीरा राम का कहना है कि पांच महीने की मेहनत के बाद उनके परिवार के सदस्यों ने भगवान गणेश की करीब 150 मूर्तियों का निर्माण किया है, जिनकी कीमत 300 से 51 हजार रुपए तक है। साथ ही उन्होंने बताया कि बिलासपुर, हमीरपुर व मंडी जिला सहित दूर-दूर से लोग भगवान गणेश की मूर्ति खरीदने उनके पास आते हैं और भगवान गणेश के आशीर्वाद से आज उनका परिवार अच्छे से गुजर बसर कर रहा है। हीरा राम ने बताया कि भगवान गणेश की मूर्तियों के अलावा लाफिंग बुद्धा, भगवान शिव, राधा-कृष्ण व शोपीस की आइटम भी बनाते है, जिनकी भी काफी डिमांड है।

## एनसीसी आर्मी विंग ने मनाया शिक्षक दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग के 47 कैडेट्स ने शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से महाविद्यालय परिसर में मनाया। जहां एक ओर राजकीय महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने सब कैडेट्स को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सब कैडेट्स को शिक्षकों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं महाविद्यालय में कार्यरत एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर जय चंद ने सब कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में बहुत महत्व है और हमको हर किसी इंसान से कुछ ना कुछ जरूर अच्छा सीखना चाहिए। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम द्वितीय बटालियन एनसीसी मंडी के दिशा निर्देश अनुसार मनाया गया और इस कार्यक्रम में 5 कैडेट्स ने शिक्षक दिवस के ऊपर पोस्टर्स भी बनाए। कार्यक्रम का मंच संचालन कैडेट अभिषेक ने बखूबी किया और उन्होंने साथ-साथ शिक्षक दिवस के महत्व को भी उजागर किया।

**अभिवादन**


मानूसन सत्र के 8वें दिन सदन के अंदर माननीय सदस्यों का अभिवादन स्वीकार करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

# अवैध शराब पर सख्ती के लिए कड़ा किया कानून सदन में आबकारी संशोधन विधेयक पारित

## मुख्यमंत्री बोले, पहले सख्त कानून नहीं होता था, अब हो रहा संपत्ति जब्त करने का भी प्रावधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा सदन में प्रदेश आबकारी संशोधन विधेयक पारित किया गया। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने कहा कि रणधीर शर्मा ने कुछ बातें ध्यान में लाई हैं। पहले सख्त कानून नहीं होता था। सुंदरनगर में तो मौतें हो गईं और कुछ लोगों की आंखें चली गईं। अब संपत्ति जब्त करने का भी प्रावधान किया जा रहा है। कानून-व्यवस्था पुलिस का काम है। हम अभी कमांडो फोर्स बनाने जा रहे हैं, जिसमें 1200 पद भरे जाएंगे। उसमें कुछ फोर्स सेकेंडमेंट आधार पर रखे जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल बना दी है। दो महीने बाद भर्ती होगी। जिला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस को भी मजबूत करेंगे। अब अवैध शराब पर सख्ती के लिए कानून को कड़ा किया गया है। आबकारी संशोधन विधेयक पर चर्चा में रणधीर शर्मा ने कहा कि यह संशोधन जरूरी है।


विधानसभा सदन में प्रदेश आबकारी संशोधन विधेयक पारित करने पर चर्चा करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू।

विधेयक में बहुत से संशोधन लाकर नियमों को कड़ा किया है। इसमें पुलिस का काम बढ़ा दिया है। पुलिस पर पहले ही अधिक बोझ है। थानों में कर्मचारी सीमित हैं। वे थानों के काम के बजाय इसमें उलझे रहते हैं। बड़े वर्षों से आबकारी पुलिस की बात होती रही है, इसे किया जा सकता है। वन विभाग में भी वन रक्षक हैं, पर उन्हें हथियार देने की बात की गई, लेकिन यह काम भी नहीं हुआ और पुलिस कर रही है। माइनिंग में भी गार्ड की नियुक्ति है। इसके लिए पुलिस विभाग में पर्याप्त स्टाफ हो।






विधानसभा के मानसून सत्र के 8वें दिन की कार्यवाही में शामिल होने जाते सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक।



# जेबीटी से मुख्य शिक्षक पद पर पदोन्नत टीचर वेतन वृद्धि के पात्र नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल में जेबीटी से मुख्य शिक्षक के पद पर पदोन्नत टीचर पदोन्नति वेतन वृद्धि के लाभ के पात्र नहीं हैं। वर्तमान में इस लाभ को बहाल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। यह जानकारी हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मुहैया करवाई है।

जानकारी दी गई कि छठा वेतन आयोग लागू होने से पूर्व एक अक्तूबर, 2012 के बाद जेबीटी के पदों से मुख्य शिक्षक के पद पर पदोन्नति हुए अध्यापकों को पदोन्नति उपरांत वेतन वृद्धि दी जाती थी।

वर्तमान में प्राथमिक शिक्षा विभाग में जेबीटी के पदों से मुख्य शिक्षक के पद पर पदोन्नति उपरांत वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश सिविल सेवाएं (संशोधित वेतन) नियम 2022 के अनुसार जेबीटी और मुख्य शिक्षक के वेतनमान एक सम्मान होने के कारण 1 जनवरी 2016 को या उसके बाद जो अध्यापक मुख्य शिक्षक के पद पदोन्नत हुए हैं, वे पदोन्नति वेतन वृद्धि के लाभ के पात्र नहीं हैं। वर्तमान में इस लाभ को बहाल करने को लेकर कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।








विधानसभा सत्र में भाग लेने जाते पक्ष-विपक्ष के विधायक।

# शिमला में गरजे एचआरटीसी पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के दौरान वीरवार को प्रदेश के एचआरटीसी पेंशनरों ने चौड़ा मैदान में सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। एचआरटीसी पेंशनरों ने पेंशन अदायगी में देरी, 5-10-15 के लाभ न मिलना, मेडिकल बिलों का भुगतान न होने पर सरकार पर सवाल उठाए हैं।


एचआरटीसी पेंशनर कल्याण संघ के मंडी जिलाध्यक्ष अनूप कपूर ने कहा कि जब सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम




### सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

मुकेश अग्निहोत्री विपक्ष में थे, तो एचआरटीसी पेंशनरों के वित्तीय देनदारियों को देने की बात करते थे, लेकिन अब सत्ता में आते ही एचआरटीसी पेंशनरों को मिलने के लिए भी सीएम और डिप्टी सीएम के पास समय नहीं है। वीरवार को सरकार को चेताने के लिए पेंशनर विधानसभा के बाहर आए हैं और अगर एचआरटीसी पेंशनरों के वित्तीय देनदारियों को सरकार ने समय पर पूरा नहीं किया तो भविष्य में पेंशनर आंदोलन को तेज करेंगे।




विधानसभा के मानसून सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ जाते सुधीर शर्मा, आशीष शर्मा व अन्य।

**विजिट** विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों से पूछा, क्या आप में से किसी ने बाल सत्र में भाग लिया, बच्चे बोले नहीं

# पठानिया ने बच्चों को भारतीय संविधान की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षक दिवस पर विधानसभा का सत्र देखने आए राजकीय उच्च विद्यालय बगोट जिला शिमला के छात्रों से विधानसभा अध्यक्ष ने पहला सवाल पूछा, क्या आपमें से किसी ने पिछले वर्ष यहां सदन में आयोजित बाल सत्र में भाग लिया था या नहीं। छात्रों का जवाब था नहीं, लेकिन उसी से प्रेरित होकर वह सदन की कार्यवाही देखने आए हैं।

इसके अतिरिक्त कुलदीप सिंह पठानिया ने नन्हे बच्चों से एक सवाल और किया विधानसभा क्या है और विधानसभा क्या काम करती है, जवाब था विधानसभा चुने हुए सदस्यों का संस्थान है जहां कानून बनाए जाते हैं तथा प्रतिपक्ष सरकार से प्रश्न पूछती है तथा उनकी जिम्मेदारियों का उनको एहसास करवाती है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा परफेक्ट। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अलग-अलग विद्यालय से आए विद्यार्थियों से संवाद किया। राजकीय उच्च विद्यालय बमोट के अलावा बहारा युनिवर्सिटी तथा गैर-सरकारी संगठन युवा के 35 प्रतिनिधि भी सत्र देखने आए थे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी से अलग-अलग संवाद किया तथा आज सदन के अंदर होने वाली कार्यवाही से सभी को अवगत करवाया।


विधानसभा का सत्र देखने आए स्टूडैंट्स कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य के साथ।

पठानिया ने बच्चों को भारतीय संविधान, संसदीय प्रणाली तथा संघीय ढांचे के बारे में बच्चों को अवगत करवाया। पठानियां ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लोकतन्त्र की मजबूती के लिए अच्छी बात है कि आज के युवा इस प्रणाली को समझने तथा सदन की कार्यवाही देखने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि आगे आने वाला समय इसी पीढ़ी का है। जिन्हें इस जिम्मेवारी को उठाना है। पठानियां ने इस अवसर पर गैर सरकारी संगठन युवा से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों, संगठन के कार्य क्षेत्र तथा सदस्यता से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी तथा सदन की कार्यवाही देखने के लिए सभी को आमन्त्रित किया।




## न्यूज ब्रीफ

### द हंस फाउंडेशन ने बताया पौष्टिक आहार का महत्व



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** द हंस फाउंडेशन की मोबाइल टीम द्वारा ज्वालामुखी पोषण सप्ताह के दौरान दरंग पंचायत के सरकारी स्कूल में बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर हेल्थ टीम द्वारा बच्चों को संतुलित आहार खाने के लिए जागरूक किया व बाहर से अनहेल्दी चीजों को न खाने की जानकारी भी दी। उन्होंने बच्चों को हरी सब्जियां, फल खाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर टीम द्वारा बच्चों से क्विज प्रतियोगिता भी करवाई गई। मौजूद हेल्थ टीम ने कहा कि समय-समय पर बच्चों से ऐसे क्विज करवाने चाहिए, इनसे बच्चों को कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है।

### तृप्ता स्कूल चलवाड़ा में मनाया अध्यापक दिवस

**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में अध्यापक



दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय चेयरमैन बीरेंद्र नरयाल ब प्रधानाचार्य राकेश राणा व समस्त स्टाफ सहित बच्चों द्वारा सबसे पहले सभी का जोरदार स्वागत किया गया। उसके उपरांत विधालय चेयरमैन बीरेंद्र नरयाल व प्रधानाचार्य राकेश राणा सहित समस्त स्टाफ को मैच पर द्वीप प्रज्वलन के लिए बुलाया गया। चेयरमैन बीरेंद्र नरयाल व प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा सभी को अध्यापक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में एसएमओ



धर्मशाला और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र दान और आंखों की सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने की। दस दौरान मुख्य वक्ता शैलेंद्र शर्मा, मुख्य नेत्र रोग विशेषज्ञ और सर्जन जज तथा डॉक्टर अनुराधा कार्यक्रम अधिकारी ने नेत्र दान से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों और आंखों की देखभाल से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। इस अवसर पर नेत्र सुरक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें पहला स्थान बीए प्रथम वर्ष की मुस्कान, दूसरा स्थान तृतीय वर्ष की समृद्धि और तृतीय स्थान द्वितीय वर्ष की निरक्षी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से प्रो. रामपाल दविंदर खेम चंद शीतल देवी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक स्कूलों की खेलों को रद्द करना गलत

**अनंत ज्ञान, लंबागांव।** राजकीय प्राथमिक स्कूल हारसी में वीरवार को एक प्रस्ताव पास कर प्राथमिक स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिताओं को सरकार की ओर से रद्द करने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि शारीरिक व संपूर्ण विकास के लिए खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। खेलों दे बच्चों में सहयोग, प्रेम की भावना जागृत होती है। अब सरकार दिशा-निर्देशों से विभाग ने प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की खेलों को स्थगित कर दिया गया है, जो बहुत युर्भाग्यपूर्ण है। इससे बच्चों में बहुत निराशा है। स्कूल प्रबंधन समिति ने सरकार के फैसले का विरोध किया और प्रस्ताव पास कर विभाग और सरकार से मांग की है कि खेलों को जारी रखा जाए।

धौलाधार आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 25 सितंबर तक करें आवेदन : उपायुक्त

# आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करेगा प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए प्रशासन व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा धौलाधार आपदा प्रबंधन पुरस्कार की घोषणा की गई है। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले में आपदा से निपटने की तैयारी और प्रतिक्रिया में जो लोग वास्तविक बदलाव ला रहे हैं, उनको सम्मानित करने के लिए प्रशासन द्वारा यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि धौलाधार आपदा प्रबंधन पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने वाला एक वार्षिक पुरस्कार है।

डीसी ने बताया कि धौलाधार आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए कांगड़ा जिले से संबंध रखने वाला कोई भी व्यक्ति जिसने आपदाओं से बचाव और प्रतिक्रिया में सुधार करने के लिए कार्य किया हो, इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए सरकारी आपदा प्रबंधन एजेंसियों में सेवारत कर्मचारी के अलावा किसी भी पृष्ठीूमि का व्यक्ति पात्र है।

इसके अलावा आपदा के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया और सुधार के लिए काम करने वाले व्यक्ति भी पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। इनमें जनता को उचित समय में आपदा की जानकारी प्रदान करना, आपदा के दौरान लोगों और जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, जीवन, संपत्ति, आजीविका और समुदायों पर आपदा के प्रभाव को कम करना, प्रभावी आपदा प्रतिक्रिया के लिए संसाधन और व्यक्तियों को जुटाना, आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तत्काल राहत पहुंचाना, आपदा के बाद सुधार और पुनर्वास प्रयासों का समर्थन करना इसमें शामिल हैं।

### इन क्षेत्रों में योगदान देने वाले होंगे पात्र

**उपायुक्त** ने बताया कि धौलाधार आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए वे लोग पात्र



होंगे जिन्होंने जिले में आपदा रोकथाम और शमन में अनुकरणीय योगदान दिया हो। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने आपदा तैयारियों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने, कठिन क्षेत्रों में जोखिम को कम करने के लिए पहल करने वाले, आपदा प्रबंधन के लिए अभिनव आपदा प्रबंधन योजनाएं विकसित करने या प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले तथा आपदा प्रतिक्रिया और जोखिम न्यूनीकरण के लिए सामुदायिक क्षमता का निर्माण करने वाले व्यक्ति इसके लिए खोजे जा रहे हैं।

### ऐसे करें आवेदन

**धौलाधार** आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 5 सितंबर से डीडीएमए कांगड़ा की वेबसाइट ddmakangra.org पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 सितंबर, 2024 है। आवेदन में आवेदक के आपदा प्रबंधन कार्य और किसी भी निर्दिष्ट क्षेत्र में उपलब्धियों का विवरण होना चाहिए। इसके अलावा आवेदन का समर्थन करने के लिए फोटो, वीडियो और प्रमाणपत्र शामिल करें। उपायुक्त ने बताया कि पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाला कोई भी व्यक्ति नामांकन प्रस्तुत कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए रॉबिन कुमार से deocdharamshala@gmail.com/88948 51111 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अब योल में दिखा तेंदुआ, वन विभाग की टीम कर रही पेट्रोलिंग

## पांच दिन पहले सराह में देखे गए थे दो तेंदुए

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



करीब 5 दिन पहले सराह क्षेत्र में दो तेंदुए दिखने के बाद अब सैन्य क्षेत्र योल में एक तेंदुआ देखा गया है। बुधवार सुबह करीब 4 बजे एक तेंदुआ कंटोनमेंट एरिया की चारदीवारी के अंदर देखा गया। मौके पर तैनात सैन्य जवान ने इसका वीडियो बनाया तथा आर्मी ऑफिसर के माध्यम से वन विभाग को सूचित किया गया। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि काटी गई झाड़ियों के स्थान पर यह तेंदुआ घूमता दिखा। वन विभाग की टीम अब क्षेत्र की लगातार पेट्रोलिंग कर रही है तथा लोगों को स्तर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए वन विभाग के रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा ने बताया कि सराह के बाद योल कैंट एरिया में तेंदुआ दिखने की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अपने शावकों के साथ होने पर मादा तेंदुआ या घायल होने पर कोई तेंदुआ अक्रामक हो सकता है। हालांकि वीडियो में देखा गया है कि एक स्वस्थ तेंदुआ क्षेत्र में घूम रहा है। ऐसे में खतरे का अंदेशा कम है लेकिन फिर भी खतरे से इनकार नहीं किया जाता जा सकता। इसी के चलते वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है तथा दोबारा तेंदुए की कोई हलचल देखे जाने पर अगला कदम उठाया जाएगा।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सतर्क रहें तथा सुबह तड़के तथा शाम ढले अकेले बाहर न निकलें तथा अतिरिक्त चौकसी बरतें, क्योंकि इसी समय तेंदुए ज्यादा एक्टिव होते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक तेंदुए के किसी पर हमले की कोई घटना क्षेत्र में सामने नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

## प्राथमिक स्कूलों के बच्चों की खेलों को स्थगित करना दुर्भाग्यपूर्णः शिक्षक संघ

**अनंत ज्ञान, लंबागांव।** प्राथमिक शिक्षक संघ की लंबागांव इकाई की वर्चुअल मिटिंग का आज प्रधान राजिंद्र जग्गी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें राजेश धीमान, अलोक राणा, संजय जग्गी, दिनेश संजीव शर्मा, रांगड़ा अश्वनी, विशाल भाटिया आदि ने विचार-विमर्श किया गया। बैठक में चर्चा की गई कि सरकार के दिशा-निर्देशों में विभाग स्कूलों को मर्ज कर कर रहा है और आज प्राथमिक खेलों को स्थगित करने के आदेश से आ गए हैं। बच्चों के विकास में खेलों का बहुत महत्व होता है। अतः इन्हें स्थगित करना या रद्द करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि प्राथमिक शिक्षक संघ लंबागांव एक मत होकर सरकार और विभाग से मांग करता है कि स्कूलों को बंद न किया जाए और न ही खेलों को स्थगित या रद्द किया जाए। संघ सरकार और विभाग के इन निर्णयों का विरोध करता है। सरकार और विभाग इन निर्णयों को वापस ले अन्यथा प्राथमिक शिक्षक संघ को प्रदेश सरकार और विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ेगा।

## फुलाते समय छात्र के गले में फंसा गुब्बारा, अस्पताल में उपचाराधीन

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली उपमंडल के अंतर्गत सिद्धपुरघाड़ स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला 13 वर्षीय छात्र विवेक कुमार पुत्र तिलक राज टीचर डे पर स्कूल के गेट के बाहर ही गुब्बारा फुला रहा था कि अचानक गुब्बारा छात्र के गले में फंस गया।

छात्रों द्वारा शोर मचाने पर स्कूल के अध्यापक गेट के बाहर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि छात्र के गले में गुब्बारा फंस गया है और छात्र को सांस लेने में दिक्कत आ रही है। अध्यापक छात्र को एक निजी अस्पताल में ले गए। डॉक्टरों ने बच्चे की हालत को नाजुक देखते हुए उसे ऑक्सीजन लगाकर पठानकोट के एक निजी अस्पताल में रेफर कर



दिया। स्कूल प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि इसकी सूचना जैसे ही स्कूल स्टाफ को लगी तो बच्चे को तुरंत हरनोटा के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल स्टाफ ने अपनी तरफ से बच्चे के इलाज के लिए 50 हजार रुपए तक की मदद की है। बच्चा ठीक होना चाहिए, आगे जो भी मदद की जरूरत होगी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विवेक कुमार गरीब परिवार से संबंध रखता है। उसके पिता तिलक राज दिहाड़ी-मजदूरी करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व सीपीएस नीरज ने दी 50 हजार की मदद

**पूर्व** मुख्य संसदीय सचिव शिक्षा विभाग नीरज भारती को इसके बारे में पता चला तो उन्होंने भी बच्चे के लिए 50 हजार की आर्थिक सहायता भेजी है। परिजनों ने पूर्व सीपीएस नीरज भारती स्कूल स्टाफ व स्कूल स्टाफ का भी आभार जताया है।

## गहरी खाई में गिरी स्कूटी, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत गढ़ खास के



अजय कुमार पुत्र स्व. रमेश चंद भाटिया की वीरवार सुबह साढ़े 7 बजे महाल बदरेहड़, मौजा जौणा में स्कूटी स्किड हो गई, जिसके चलते वह लगभग 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस कारण 35 वर्षीय अजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। अजय कुमार पनहार में शराब के ठेके में सेल्समैन था एवं अविवाहित था। इस बारे पुलिस स्टेशन भवारना के एसएचओ ने कहा कि गढ़ खास के अजय कुमार की स्कूटी स्किड होने के कारण 150 मीटर गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए पालमपुर सिविल अस्पताल भेज दिया है।

# गणेश चतुर्थी पर विशेष



# मंडी में उत्तरी भारत का इकलौता तांत्रिक सिद्धी मंदिर

**लगातार 21 बुधवार तक पूजा-अर्चना करने से पूर्ण होती है हर मनोकामना**


**हिमाचल** प्रदेश के मंडी जिले में गणेश चतुर्थी को लेकर खास तैयारियां की जा रही हैं। 1686 ईस्वी में तत्कालीन राजा सिद्धसेन ने अपनी मन्नतों को लेकर मंडी में बने इस एकलौते गणपति मंदिर की स्थापना की थी। उत्तरी भारत में ये एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां गणपति मंदिर होने के साथ-साथ यह एक तांत्रिक मंदिर भी है। राजा तंत्र विद्या में काफी रुचि रखते थे, इसलिए उन्होंने इस मूर्ति की सिद्धि करवाकर इसे और ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए तांत्रिक शक्ति यों से परिपूर्ण किया। मंदिर में स्थापित भगवान गणेश की मूर्ति पर सिंधूर से लेप किया जाता है और मूर्ति के गले में हर वक्त नाग देवता विराजमान रहते हैं। सांप का तंत्र विद्या में बहुत ज्यादा महत्व होता है। शायद इसीलिए राजा ने इस मूर्ति का निर्माण करवाते वक्त नाग देवता की छवि को भी उभारा, जिसके बाद इसे सिद्ध गणपति का नाम दिया गया। बताया जाता है कि राजा सिद्धसेन ने एक अन्य राज्य को अपने अधीन करने की मनोकामना मांगी थी। मनोकामना पूरी होने पर उन्होंने यह मंदिर बनवाया। मंदिर की विशेषता यह है कि यहां जो भी भक्त लगातार 21 बुधवार पूजा-अर्चना करता है तो उसकी सभी तरह की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। इस मंदिर के प्रति लोगों की अगाध श्रद्धा है। मंदिर प्रांगण में आने वाले नौ दिन तक रोजाना धार्मिक अनुष्ठान होंगे। नौ दिन विशेष पूजा-अर्चना के बाद गणेश जी की प्रतिमा का ब्यास नदी में विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन वाले दिन यहां भव्य जलेब और झांकियां निकाली जाती हैं।



**अनिल शर्मा, मंडी**

# खुशियों से झोली भर देंगे विघ्नहर्ता

*हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। देशभर में हर्षोल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। भगवान गणेश को बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है। उनकी पूजा करने से न केवल सुख-समृद्धि, बल्कि ज्ञान की भी प्राप्ति होती है। इस पर्व का उद्देश्य सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने और जीवन में सुख-समृद्धि लाने के लिए गणेश जी की आराधना करना है। यह त्योहार पूरे भारत में सार्वजनिक रूप से बड़े स्तर पर मनाया जाता है।*



### अर्पित करें ये फूल

गणेश चतुर्थी के दौरान भगवान गणेश की पूजा में कुछ विशेष फूल अर्पित किए जाते हैं जो उन्हें प्रिय माने जाते हैं। दूर्वा घास और गेंदे का फूल गणेश जी का सबसे प्रिय पुष्प है। इसके बिना गणेश पूजा अधूरी मानी जाती है। गणेश जी को 21 दूर्वा की पत्तियां अर्पित करना अत्यधिक शुभ माना जाता है।

### इन चीजों का लगाएं भोग

गणेश चतुर्थी के दौरान भगवान गणेश को कई प्रकार के भोग अर्पित किए जाते हैं। मोदक गणेश जी का सबसे प्रिय भोग माना जाता है। गणेश जी को विभिन्न प्रकार के लड्डू जैसे बेसन लड्डू, तिल के लड्डू, नारियल के लड्डू आदि का भोग लगाया जाता है।

# पहली बार बप्पा को ला रहे हैं घर तो इन बातों का रखें ध्यान

**गणेश चतुर्थी के दिन लोग अपने घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करते हैं और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। यह पर्व गणेश उत्सव के 10 दिनों की शुरुआत का भी प्रतीक है, जिसे गणपति भक्त बड़े धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन अगर पहली बार गणेश जी की स्थापना कर रहे हैं, तो किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।**

**हिंदू** पंचांग के अनुसार, इस साल भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 6 सितंबर 2024 को दोपहर 3 बजकर 1 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 7 सितंबर को शाम 5 बजकर 37 मिनट पर होगा। ऐसे में गणेश चतुर्थी 7 सितंबर 2024 को मनाई जाएगी। इस दिन गणेश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 3 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। इस शुभ मुहूर्त में गणेश जी की स्थापना करना शुभ होगा।

### कौन सी प्रतिमा का करें चयन

❖ जब भी भगवान की प्रतिमा घर लाएं तो यह जरूर देखें कि भगवान गणेश की सूंड उनके बाईं तरफ झुकी हो। वैसी मूर्ति बहुत शुभ मानी जाती है। ऐसे में प्रतिमा घर लाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखें।

❖ जब भी प्रतिमा का चयन करें तो कोशिश करें कि भगवान गणेश की बैठी हुई प्रतिमा ही घर लाएं। इससे घर में हमेशा सुख समृद्धि का वास होता है। कैसे करें गणपति बप्पा की स्थापना

❖ हमेशा भगवान की प्रतिमा स्थापना करने के लिए सही दिशा का चयन करें। साथ ही गणेश की प्रतिमा ईशान कोण में स्थापित करनी चाहिए और मुख उत्तर दिशा में रखें। उसके बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को चौकी पर रखने से पहले उसे अच्छे से साफ कर लें और गंगाजल छिड़कर शुद्ध करें।

❖ जब भी किसी भगवान को विराजमान करें, तो सबसे पहले पवित्रता का ध्यान रखें। सबसे पहले चौकी बनाएं और चौकी को शुद्ध करने के बाद लाल कपड़ा बिछाकर उसके ऊपर अक्षत रखें। इसके बाद ही शुद्ध हाथों से गणपति बप्पा को उस चौकी पर स्थापित करें।

❖ गणपति बप्पा के प्रतिमा के अगल-बगल में रिद्धि-सिद्धि को रखें। इनकी जगह पर आप उनके रूप में सुपारी भी रख सकते हैं। भगवान की मूर्ति के दाईं ओर एक कलश रखें और उसमें जल भर दें। इसके बाद हाथ में फूल और अक्षत लेकर गणपति बप्पा का ध्यान करें।

# अवैध पीजी संस्थानों पर प्रशासन करेगा कार्रवाई, दो दिन होगा निरीक्षण

## पीजी और निजी शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों के साथ नगर परिषद ने की महत्वपूर्ण बैठक




नगर परिषद ने पीजी और निजी शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की और उनकी समस्याओं को जाना।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर के टाउन हॉल में वीरवार को पीजी और निजी शिक्षण सस्थानों के प्रबंधकों के साथ नगर परिषद और जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर सिंह ठाकुर ने की है।

उन्होंने बताया कि पीजी और निजी शिक्षण प्रबंधकों के साथ विशेष बैठक आयोजित की है। इस मौके पर पुलिस विभाग, व्यापार मंडल, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान पीजी प्रबंधकों को किस प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, उसके बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है। बता दें कि हमीरपुर में दो सप्ताह पहले पीजी में एक छात्र की मौत हो गई थी। उसके बाद हमीरपुर उपायुक्त ने जिला प्रशासन और नगर परिषद को आदेश दिए थे कि पीजी प्रबंधकों और शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों के साथ एक बैठक आयोजित की जाए। इसी को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है।

### पीजी में खामियां सुधारने के लिए दिया जाएगा समय

इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने बताया कि उपायुक्त हमीरपुर के आदेश अनुसार पीजी प्रबंधकों और निजी कोचिंग सेंटर के प्रबंधकों के साथ बैठक की गई है। उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया है। शुक्रवार या शनिवार को नगर परिषद और अन्य अधिकारियों द्वारा पीजी निरीक्षण और शिक्षण संस्थाओं का भी निरीक्षण किया जाएगा। अगर उनमें खामियां पाई जाती हैं तो उन्हें दूर करने का समय प्रबंधकों दिया जाएगा। अवैध रूप से चल रहे पीजी संस्थानों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सभी राशन डिपुओं में हों क्यूआर पेमेंट स्कैनर : डीसी अमरजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला में सभी उचित मूल्य की दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं की बिक्री में उपभोक्ताओं में डिजिटल पेमेंट के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डिजिटल भुगतान की बढ़ती हुई लोकप्रियता एवं उपयोगिता को देखते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने जिला की समस्त 314 उचित मूल्य की दुकानों यानी राशन डिपुओं में डिजिटल पेमेंट सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल उपभोक्ताओं द्वारा किसी भी सेवा व वस्तु के मूल्य के भुगतान हेतु डिजिटल पेमेंट को अधिमान दिया जा रहा है। इसी के मद्देनजर जिला की सभी उचित मूल्य की दुकानों में यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। डिजिटल भुगतान एक पारदर्शी प्रणाली है और क्रेता एवं विक्रेता के लिए भी काफी सुविधाजनक है। उपायुक्त ने सहकारी सभाओं के सहायक पंजीयक को निर्देश दिए कि वे सहकारी सभाओं के माध्यम से संचालित किए जा रहे सभी डिपुओं में क्यूआर पेमेंट स्कैनर की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक डिपो में ऐसी जगह पर डिजिटल अदायगी के बोर्ड प्रदर्शित होने चाहिएं, जिन पर आम उपभोक्ता की तुरंत नजर पड़ सके। इस अवसर पर एडीएम राहुल चौहान ने कहा कि आम उपभोक्ताओं में डिजिटल भुगतान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, सहकारिता विभाग और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जागरूकता शिविर भी लगाएं। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के सहायक महाप्रबंधक अशोक चांदला, सहकारी सभाओं की सहायक पंजीयक वीना भाटिया और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# न्यूज ब्रीफ

## डॉ. राधाकृष्णन के दर्शाए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में विद्यालय प्राचार्य शशि बाला, विद्यालय समन्वयक, एचओडी एवं शिक्षक वृंद ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके दर्शाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय शिक्षिका दीपा शर्मा व छात्र शौर्य की स्वरचित कविताओं ने दर्शक दीर्घा से खूब तालियां बटोरीं।

## धनेटा कॉलेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया



**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंजू बत्ता सहगल सेवानिवृत्त प्राचार्य (महाविद्यालय ) ने शिरकत की। इस अवसर पर प्राचार्य ने राष्ट्रीय अध्यापक दिवस का इतिहास तथा महत्व के बारे में प्रकाश डालकर, गुरुओं की छात्रों के जीवन भूमिका और सर्वांगीण विकास में योगदान विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर नीलम कुमारी ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया।

## राज राजेश्वरी कॉलेज में शिक्षक दिवस पर डाला प्रकाश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में शिक्षक दिवस पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस उपलक्ष्य पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने आदर्श शिक्षक की विशेषताओं के बारे में चर्चा की तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निर्देशित किया।

## शिक्षक विद्यार्थियों का करते हैं सर्वांगीण विकास

**अनंत ज्ञान, रंगस।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंगस में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर ने कहा कि हमें कक्षा कक्ष से बाहर भीविद्यार्थियों को संस्कार देकर और उनका सर्वांगीण विकास करते हुए भूमिका निभानी होगी।

## अश्वगंधा का पौधा लगाना लाभदायक : डॉ. सुप्रिया



**एसके ठाकुर, बड़सर।** राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत आयुर्वेदिक स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र सलोनी में एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुप्रिया सूद की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को भी शामिल किया गया। डॉ. सुप्रिया सूद ने लोगों को अश्वगंधा से होने वाले फायदों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत करेर की प्रधान अमिता कुमारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलोनी के प्रभारी, स्थानीय स्कूल के बच्चे तथा अध्यापक भी उपस्थित रहे। इस मौके पर 200 के करीब अश्वगंधा के निशुल्क पौधे बांटे गए।

## डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से लें प्रेरणा : राकेश



**डिडवीं टिक्कर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में शिक्षक दिवस विद्यार्थियों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य राकेश कुमार ने कहा कि हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बहुमूल्य जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के उपप्राचार्य संजीव ठाकुर ने कहा कि हमें गुरुजनों का सदा सम्मान करना चाहिए।

## करियर प्वाइंट विवि के छात्रों की अनूठी पहल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में अध्यापक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस शिक्षक दिवस के मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रण लिया कि वह अध्यापकों द्वारा दी गई सीख को अपने जीवन में अपनाएंगे तथा नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहेंगे तथा औरों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर कुलसचिव गुलशन संधू उपस्थित हुए। इस दिवस पर विवि के सभी विभागों ने अपने-अपने तरीके से शिक्षक दिवस को मनाया। विवि प्रशासन ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

**नादौन।** डीएवी भड़ोली स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने शिक्षक दिवस पर स्वयं शिक्षक बनकर कक्षाओं की जिम्मेदारी संभाली। छात्र-छात्राओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसअवसर पर विद्यालय के चेयरमैन प्रबोध महाजन, वाइस चेयरमैन ओपी सोंधी, एआरओ वीके यादव व प्रबंधक नमित शर्मा उपस्थित रहे।

## विजय वल्लभ कॉलेज में मनाया शिक्षक दिवस

**नादौन।** विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय में डॉक्टर राधाकृष्णन जयंती के अवसर पर अध्यापक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। सभी अध्यापकों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनामिका शर्मा ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। कॉलेज की मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय जैन व वाइस चेयरमैन निर्मल जैन विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## लोक नृत्य प्रतियोगिता में रमन सदन बना विजेता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित अंतर्सदनीय समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक अनुभाग में रमन सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य सुनील चैहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अंतर्सदनीय समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक अनुभाग में रमन सदन ने प्रथम स्थान, टैगोर सदन ने द्वितीय स्थान और अंबेडकर सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं माध्यमिक अनुभाग में रमन सदन ने प्रथम स्थान, टैगोर सदन ने द्वितीय स्थान एवं अंबेडकर सदन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## फर्जी आधार कार्ड वाले प्रवासियों पर हो कार्रवाई : मंच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिंदू एकता संघ पिछले कई वर्षों से समाज की आंतरिक सुरक्षा, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, सनातन वैदिक संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन तथा समाज में व्याप्त कुप्रथाओं को रोकने सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर कार्य कर रहा है। हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड जैसे सुरक्षित राज्यों में प्रवासी गांव-गांव घूमकर स्थानीय समाज को चुनौतियां उत्पन्न कर रहे हैं। जिला हमीरपुर में लगभग अढ़ाई लाख से अधिक प्रवासी रह रहे हैं। बिना पंजीकरण और नकली पहचान के रह रहे प्रवासियों पर कार्रवाई करने के लिए हिंदू एकता मंच के पदाधिकारियों ने उपायुक्त अमरजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा और ऐसे प्रवासियों पर कार्रवाई की मांग की। हिंदू एकता मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला दंडाधिकारी द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रवासियों के पंजीकरण की अधिसूचना जारी करते है परंतु पुलिस बिना पंजीकरण के रहने वाले प्रवासियों तथा उनके मकान मालिकों के विरूद्ध लिखित शिकायत होने पर भी मामला दर्ज नहीं करती है। इसके अलावा प्रवासी मोटर वाहन एक्ट का भी उलंघन कर रहे हैं।

# संगरोह में करंट लगने से युवक की मौत

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** आवाहादेवी पुलिस चौकी के तहत समीरपुर पंचायत के संगरोह कलां गांव में 18 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बुधवार देर शाम की है, जब युवक घर में कोई काम कर रहा था। निखिल कुमार पुत्र सुरेश कुमार गांव संगरोह कलां का पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। मृतक माता-पिता का इकलौता पुत्र था तथा डिप्लोमा कर रहा था। समीरपुर पंचायत प्रधान चंद्रमोहन ने बताया कि प्रशासन ने फौरी राहत में 20 हजार रुपए की मदद की है।

# सुजानपुर भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करके शुरू किया अभियान।

सुजानपुर भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। वीरवार को सुजानपुर भाजपा पार्टी कार्यालय में इस अभियान की शुरुआत हुई। इस दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेंद्र राणा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और इस अभियान का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विशेष रूप से सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर, शहरी इकाई अध्यक्ष सुमन महाजन, मंडल महामंत्री अनिल कौशल, लेखराज ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर सहित तमाम मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान राजेंद्र राणा ने कहा कि इस अभियान को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में शुरू कर दिया गया है उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने साथ कम से कम 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करें जो पदाधिकारी इस लक्ष्य को पूरा करता है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

## बमसन के 5 डिपुओं से राशन ले सकते हैं प्रवासी श्रमिक : अरविंद शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि विकास खंड बमसन के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे प्रवासी श्रमिकों एवं एनएफएसए के लाभार्थियों को एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना के तहत राशन प्रदान करने के लिए पांच स्थानों हिम्मर, लंबलू, डोह, टौणी देवी और ननोट की उचित मूल्य की दुकानों में विशेष व्यवस्था की है। जिला नियंत्रक ने कहा कि प्रवासी श्रमिक अपने आधार कार्ड या राशन कार्ड के साथ इन राशन डिपुओं में से किसी एक डिपो में जाकर हर माह राशन प्राप्त कर सकते हैं। प्रवासी श्रमिक इस संबंध में हिम्मर के राशन डिपो के मोबाइल नंबर 98058-41291, लंबलू 98827-27900, डोह 97360-02642, टौणी देवी 82192-87586 और ननोट के राशन डिपो के मोबाइल नंबर 94189-75902 पर संपर्ककर सकते हैं।

# आधुनिक तकनीक से सरकारी विद्यालय बनेंगे विश्व स्तरीय : डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सीनियर सेकेंडरी स्कूल लंबलू में मौजूद डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा व अन्य।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल लंबलू में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस शिक्षा संवाद के मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। लंबलू क्षेत्र की जनता के साथ-साथ कॉलेज स्कूल के प्रिंसिपल अतुल शर्मा व एसएमसी के प्रधान व सदस्यों ने बड़ी गर्मजोशी के साथ मुख्य अतिथि उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने सबसे पहले सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी और कहा कि 'अपना विद्यालय' योजना के तहत वह इस गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल को आज गोद लेने में गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा माननीय मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच है कि जनता को स्कूलों के कार्यक्रमों और स्कूलों के आधारभूत संरचना में शामिल कर ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक सरकारी मुफ्त शिक्षा का लाभ पहुंचाया जाए और बच्चों के सर्वांगीण विकास में एक नया अध्याय लिखा जाए। इसी के तहत स्मार्ट क्लासेस रूम बनाए जा रहे हैं।

इस मौके पर डॉ. वर्मा ने छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। अंत में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किऐ। इस मौके पर स्कूली बच्चों के माता-पिता ने भी हिस्सा लिया।

## सख्ती : 9 सितंबर तक बिजली बिल जमा करवाएं हमीरपुर-1 के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले गांव सलासी, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, नाल्टी, बाड़ी, फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी, और आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 9 सितंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 9 सितंबर से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# 'आप' कार्यकर्ताओं ने शांता से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान , भोरंज**



पालमपुर में शांता कुमार से भेंट करते आप के कार्यकर्ता।

आम आदमी पार्टी हिमाचल के कार्यकर्ताओं ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आदर्शवादी राजनीति के पुरोधा शांता कुमार से पालमपुर स्थित उनके आवास स्थान पर मुलाकात की। जिस प्रकार राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर शांता कुमार ने आम आदमी पार्टी के नेताओं और पार्टी के कामों की सराहना की और हमेशा स्वच्छ राजनीति के पक्ष में बात रखी, उसके लिए आप कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से उनका धन्यवाद किया।

इस अवसर पर शांता कुमार ने सभी नेताओं को राष्ट्र प्रथम की भावना, ईमानदारी और स्वच्छ राजनीति करने की प्रेरणा दी। उनकी प्रेरणादायक बातें और दृष्टिकोण ने सभी को राजनीति में नैतिकता और पारदर्शिता के महत्व को समझाया।

इस अवसर पर सभी आप कार्यकताओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन और आदर्शों पर स्वयं लिखित पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया और स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में सार्थक करने की बात कही। इस कार्यक्रम में भोरंज विधानसभा क्षेत्र से जगत राम, डॉ. सुमित पुनयाल, अर्की विधानसभा से सुरेश तनवर, और अर्जुन जयसिंहपुर विधानसभा उपस्थित थे।

## एनएच निर्माण कंपनी के वाहन से टैक्सी को पहुंचा नुकसान



**टौणी देवी।** टौणी देवी के पास चाहड़ मोड पर एनएच निर्माण कंपनी के वाहन से एक टैक्सी नंबर गाड़ी को नुकसान पहुंचा है। मौके पर पुलिस के पहुंचने के बाद नुकसान का जायजा लिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार एक बड़े वाहन से टैक्सी नंबर एचपी 01-2450 को नुकसान पहुंचा है। इस बारे निर्माण कंपनी के खिलाफ पुलिस को शिकायत की गई। इससे पहले भी एनएच निर्माण कंपनी के टिप्पर से एक स्कूटी को बारी मंदिर में नुकसान पहुंचा था, जिसकी भरपाई ड्राइवर द्वारा की गई थी।

## प्रभात सुधार सभा ने दवाइयों के लिए दी 4 हजार रुपए की दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा ने गांव अम्मन के निवासी चांदराम की कैंसर से पीड़ित पत्नी आशा देवी की दवाइयों के लिए हमीरपुर गैस एजेंसी के सौजन्य से 1100 रुपए, अमन मनियारी मर्चेंट के सौजन्य से 1000 रुपए, सुशील भाटिया के सौजन्य से 500 रुपए, राकेश पुरी के सौजन्य से 500 रुपए, ममता ब्यूटीशियन के सौजन्य से 500 रुपए, प्रवीण शर्मा के सौजन्य से 400 रुपए दिए। इस प्रकार उन्हें कुल 4000 रुपए की आर्थिक सहायता दी गई।

## हमीरपुर से ताल-चमनेड़ सड़क 8 तक बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर में ताल-चमनेड़ सड़क की मरम्मत और एक जगह दीवार के कार्य कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 8 सितंबर तक बंद की गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि ताल-चमनेड़ सड़क पर एक जगह दीवार के कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर 8 सितंबर तक यातायात बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक सरलीं-रोहलवीं पट्टा-भरठियाण सड़क या सरलीं-चमनेड़ सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। जिलाधीश ने क्षेत्र के सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# दो साल बाद जाहू स्कूल के खिलाड़ियों ने जीती वॉलीबाल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



जाहू स्कूल में वॉलीबाल विजेता टीम को सम्मानित करते प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर व अध्यापक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू के खिलाड़ी वॉलीबाल खेल में दो सालों के बाद विजेता बने हैं। इससे खिलाड़ियों और स्कूल प्रशासन में उत्सव जैसा माहौल है।

2 से 4 तक भोरंज स्कूल में हुई खंड स्तरीय अंडर-19 वर्ग लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर वॉलीबाल खेल में विजेता बनकर लौटी टीम का स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रशासन ने हार पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सुबह से शाम तक खिलाडियों में खेल प्रतिभा को पैदा करने की भावना ने यह विजय दिलाई है। इसका सारा श्रेय डीइपी चमल लाल व शरीरिक शिक्षक रमेश चंद को जाता है। उन्होंने कहा कि दो सालों के बाद जाहू स्कूल के खिलाड़ी वॉलीबाल खेल में विजेजा बने हैं। खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबले में भुक्कड स्कूल को कड़ी टक्कर देकर ट्रॉफी जीती। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में साहिल कुमार, अभिमन्यू शर्मा, शुभम, अतुल कुमार, शमशेर सिंह, संदीप कुमार व सुमित कुमार का शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर विजेता बने। इस दौरान स्कूल के प्रवक्ता रविकांत, कुलदीप सिंह, रामस्वरूप गौतम, राजेश कुमार, रामलाल, केआर शर्मा, मनजीत सिंह, प्रकाश चंद, अजय ठाकुर, चमन लाल, वरयाम सिंह अधीक्षक, हंसराज, प्यार चंद, किरण देवी, किरण वाला, मीना कुमारी, अरूणा शर्मा, सरोजनी देवी, जिनेंद्र कु, स्नेहा, पारूल, शिल्पी, आनिल, अंजलि, सिफा, कमलजीत, नीरज कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर पैनिक मैसेज न डालें वरना होगी सख्त कार्रवाई : सचिन हीरेमठ

**एसके ठाकुर, बड़सर।** वीरवार को सोशल मीडिया पर एक मैसेज वायरल हुआ कि नारा स्कूल के पास एक बच्ची को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तेज हथियार दिखाकर किडनैप करने की कोशिश की गई, जैसे ही मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ बड़सर पुलिस एकदम हरकत में आई तथा नारा स्कूल में पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्ची तथा स्कूल स्टाफ से पूछताछ करने के बाद यह पाया गया यह सारे का सारा एपिसोड किसी गलतफहमी के चलते हुआ है। बड़सर पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद पता चला है कि एक प्रवासी मजदूर रूटीन की तरह काम पर जा रहा था तथा उसके पास काम करने के औजार थे तो किसी को यह लगा कि यह कोई बाहरी व्यक्ति है जिसने बच्ची को किडनैप करने की कोशिश की होगी, परंतु पुलिस की तहकीकात में यह सब एकदम गलत पाया गया है। डीएसपी बड़सर सचिन हरिमठ का कहना है कि सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति द्वारा पैनिक फैलाने की कोशिश की गई है। पुलिस जांच पड़ताल में पाया सारा मामला झूठा है। उन्होंने कहा कि पैनिक फैलाने वाले मैसेज सोशल मीडिया में सोच-समझ कर डालें अन्यथा ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पेंशनर्स ने मांगी एरियर की अदायगी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पीडी शर्मा ने की। यह जानकारी देते हुए विजय चौधरी ने बताया कि एसोसिएशन की प्रमुख मांग है कि जेसीसी का गठन किया जाए और गठन के बाद बैठक बुलाई जाए। पेंशनरों के मेडिकल बिलों का भुगतान, डीए किस्त तथा 2021 की अवधि के बीच रिटायर्ड होने वाले पेंशनरों का अर्न लीव इनकैशमेंट, ग्रेचुयटी, कैमुटेशन व रिवाइजड पेंशन का 80 प्रतिशत बकाया की अदायगी न होने तथा महंगाई भत्ते की किस्तों बारे विस्तार से चर्चा की गई, जो डीए की किस्त दी गई है, उसका एरियर जल्द से जल्द दिया जाए तथा सरकार से शीघ्र भुगतान किए जाने तथा पंजाब की तर्ज पर कम्यूटेशन की अवधि 15 साल से घटाकर 12 साल की जाए।

## सूबेदार अनिल पटियाल का किया भव्य स्वागत



**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के मथोल गांव के सूबेदार अनिल कुमार पटियाल भारतीय सेना से 30 वर्ष सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। घर पहुंचने पर परिवार जनों ने उनका फूल मालाएं पहन कर उनका भव्य स्वागत किया। अनिल कुमार 27 अप्रैल 1994 को भारतीय सेना मे भर्ती हुए थे। बता दें कि अनिल कुमार के पिता ने भी 15 जैक राइफल में अपनी सेवाएं दी थीं।

**मुश्किल** दुग्ध अभीशीतन केंद्र के जर्जर भवन की छत से टपक रहा बारिश का पानी

# दिव्यांग कर्मचारी के सहारे दुग्ध अभिशीतन केंद्र नादौन

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



दुग्ध अभीशीतन केंद्र गगाल का जर्जर अवस्था में भवन।

उपमंडल नादौन के गगाल में स्थापित दुग्ध अभीशीतन केंद्र वर्तमान समय में मात्र एक कर्मचारी के सहारे चल रहा है। यही नहीं इस केंद्र के भवन की भी वर्तमान समय में हालत यह है कि बारिश के दौरान केंद्र के भवन की छत से पानी टपकने के कारण इस भवन में बारिश के पानी का जो रिसाब हो रहा है, उसके चलते यह पूर्ण रूप से जर्जर अवस्था में हो गया है, जो कभी भी गिर सकता है।

इस केंद्र के अंतर्गत वर्तमान समय में 34 दूध की डेयरियां काम कर रही हैं जिनसे 300 लीटर के लगभग प्रतिदिन दूध इकठ्ठा किया जाता है, लेकिन बिडंबना इस बात की है कि इस केंद्र का अकेले ही वर्तमान समय में पूरा कार्यभार देख रहा एमपीए कर्मचारी पहले इन दूध की डेयरियों से सुबह पांच बजे उठ कर दूध इकठ्ठा कर रहा है, उसके बाद उस दूध को जगह-जगह बेच कर बाद में केंद्र के शेष कार्य को कार्यालय में आकर अकेला ही निपटा रहा है। यही नहीं यही कर्मचारी शेष बचे दूध को चिलिंग प्लांट में चिल्ड करके उसे अकेला ही धर्मशाला में हिमफेड के प्लांट में पहुंचा रहा है। इस केंद्र का वर्तमान समय में अकेले ही कार्यभार देख रहे एमपीए कर्मचारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस केंद्र के कुल 5 में से 4 पद खाली पड़े हुए हैं। दिव्यांग होने के कारण उन्हें केंद्र का अकेले कार्यभार संभालने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उच्चधिकारियों के ध्यान में भी इस समस्या को लाया गया, लेकिन बावजूद इसके फिर भी आज दिन तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। प्रदीप कुमार ने बताया कि इस केंद्र के भवन में बारिश के पानी का रिसाब होने के कारण भवन में जगह-जगह दरारें आने के कारण यह पूर्ण रूप से जर्जर अवस्था में हो गया है, जो कभी भी किसी अप्रिय दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। यही नहीं बारिश के दौरान केंद्र के भवन की छत से पानी टपकता है। इस कारण उन्हें कार्य करने में भी बड़ी मुश्किल होती है।

भवन के दरवाजे एवं खिड़कियां भी लगभग टूट चुकी हैं। काबिलेगोर है प्रदेश सरकार द्वारा नादौन के गगाल में स्थापित दुग्ध अभीशीतन केंद्र में कर्मचारियों की कमी को पूरा किया जाता है तो उससे इस केंद्र के और अधिक सार्थक परिणाम सामने आ सकते हैं, क्योंकि इससे एक तो इस केंद्र द्वारा प्रतिदिन एकत्रित करने वाले दूध की मात्रा में भी बढ़ोतरी होगी, दूसरा पशुपालकों की भी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अत: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को उनकी गृह विधानसभा क्षेत्र में स्थापित इस दुग्ध अभिशीतन केंद्र की अवश्य सुध लेनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अध्यापक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में बच्चों द्वारा अध्यापक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने विशेष तौर पर शिरकत की। उन्होंने संस्थान के अध्यापकों व छात्राओं को शिक्षक दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे समाज के निर्माता हैं। इससे पहले छात्राओं ने प्रधानाचार्य नरेश सैनी व अन्य अध्यापकों से केट कटवाकर कार्यक्रम का आगाज किया। संस्थान की छात्राओं द्वारा अपने शिक्षकों के लिए चायपान का भी प्रबंध किया गया था। प्रधानाचार्य नरेश सैनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। इस मौके पर हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, प्रदेश महासचिव नरेश सैणी, जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया, हिमोत्कर्ष महिला मंच सदस्य मंजू मनकोटिया, रमा कंवर, उपप्रधानाचार्य रंजू बाला, मीना ठाकुर, निशा रानी, सोनिया, नवनीत, कमला सहित संस्थान की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### कन्या विद्यालय में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षक दिवस पर राजकीय कन्या विद्यालय ऊना में शिक्षक दिवस बहुत ही धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कविताओं और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपने प्यार व सम्मान को व्यक्त किया। विद्यालय की हेड गर्ल ने शिक्षकों को अपना सबसे बड़ा मार्गदर्शक बताया और छात्राओं से आह्वान किया कि वे विद्यालय में अध्यापकों और प्राध्यापकों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलें। विद्यालय में छात्राओं ने अपनी शिक्षको से कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी करवाई। विद्यालय में शिक्षा संवाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिक्षकों, छात्राओं और उनके माता-पिता के बीच संवाद स्थापित किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा ने शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में छात्राओं को बताया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### कुठार बीत स्कूल में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** शिक्षक दिवस पर शहीद मनोहर लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठार बीत में शिक्षा संवाद-1 का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान बलबीर सिंह द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र चंदेल की उपस्थिति में की गई। इस बैठक में अभिभावकों को छठी से आठवीं तक के बच्चों का एफए-2 का परिणाम दिखाया गया तथा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का टर्म-एक का परिणाम अभिभावकों को दिखाया गया। अंत में प्रधानाचार्य वीरेंद्र चंदेल ने स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान एवं सदस्यों तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों में पूनम कुमारी, विनोद कुमार, नवदीप कुमार, पंकज, सतीश कुमार, सत्यवीर सिंह, कंचन देवी, बिंदू बाला, पूनम, आरती शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मवा कोहलां में शिक्षक दिवस की रही धूम



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** वीरवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित शिक्षक दिवस पर गगरेट क्षेत्र के मवा कोहलां स्कूल में बच्चों ने केक काटकर शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य प्रदीप धीर ने छात्रों को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षक का छात्र जीवन में महत्व तथा गुरु महिमा से जुड़े कार्यक्रम द्वारा शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों को स्कूल उपप्रधानाचार्य व स्टाफ के सदस्यों द्वारा महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर अपने भविष्य को संवारने का आह्वान किया।

# आपदा प्रबंधन को लेकर सामर्थ्य-2024 अभियान के तहत होंगी जागरूकता गतिविधियां

## शिक्षण संस्थानों में कराई जाएंगी सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिताएं : उपायुक्त

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने बताया कि सामर्थ्य-2024 अभियान के अंतर्गत आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के शिक्षण संस्थानों में 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' (सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित इन प्रतियोगिताओं में तीन श्रेणियों में हाई स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेंगे। उपायुक्त ने वीरवार को इस अभियान की योजना पर चर्चा को बुलाई बैठक में बताया कि हर ब्लॉक में एसडीएम की अध्यक्षता में गठित चयन समिति सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन करेगी, जिसमें बीडीओ सदस्य सचिव होंगे और लोक निर्माण विभाग से एक सदस्य भी शामिल रहेगा।

उपायुक्त ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर चयनित मॉडल जिला स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जहां डीसी ऊना की अध्यक्षता में बनी कमेटी जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन करेगी। प्रत्येक श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ मॉडल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा और अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इन मॉडलों को प्रदर्शित और पुरस्कृत किया जाएगा।



अधिकारियों के साथ बातचीत करते उपायुक्त जतिन लाल।

डीसी ने इसके अलावा तकनीकी शिक्षा विभाग को पॉलिटेक्निक कॉलेजों और सीमेंट कंपनियों के साथ मिलकर सुरक्षित ढांचा निर्माण प्रथाओं के प्रति व्यापक जन जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षित निर्माण प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 2 अक्तूबर को ग्राम सभा बैठकों के दौरान जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। प्रत्येक पंचायत में ग्राम आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आपदा मित्र और युवा स्वयंसेवकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ब्लॉक और जिला स्तर पर जूनियर इंजीनियरों और तकनीकी सहायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यशालाओं में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आपदा-प्रतिरोधी निर्माण मानकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्कूल सुरक्षा ऐप की प्रगति की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी स्कूल अपनी आपदा प्रबंधन योजनाओं को समय पर ऐप पर अपलोड करें।

### सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी पर बल

उपायुक्त ने आपदा जोखिम को कम करने के लिए सुरक्षित निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया और जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी शैफाली शर्मा, सभी विकास खंड अधिकारी और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समन्वयक सुमन चहल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# हरोली पुलिस ने डकैतों का तीसरा साथी जम्मू-कश्मीर से पकड़ा

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**



लुटेरा गिरोह का पकड़ा गया आरोपी।

हरोली पुलिस ने डकैती के केस को साल्व करने मे सफलता हासिल करते हुऐ डकेतों के तीसरे साथी को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली है। गत 27 अगस्त को पोलियां के एक बुजुर्ग व्यक्ति ने हरोली पुलिस मे शिकायत दर्ज करवाई कि 6 लड़कों ने 26 तारीख को उसे पोलियां के पास घेरा तथा हथियार दिखाकर व डराकर जाने से मारने की धमकी देते हुए 5000 रुपए छीन लिए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू करके 96 घंटों के अंदर मामले को सुलझाते हुए 2 डकैतों को पकड़ कर हवालात की सैर करवाई। पिछले कल ही दोनों डकैत 14 दिन के न्यायिक हिरासत रिमांड पे भेजे गए हैं।

पुलिस 2 डकैतों को पकड़ने के बाद अगले आरोपियों को पकड़ने में लगी थी। मुख्य आरक्षी नरेंद्र के नेतृत्व में एक टीम थाना प्रभारी सुनील कुमार के निर्देश पर जम्मू कश्मीर के लिए निकली , जो आज तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करके हरोली थाना मे पहुंचाया गया है। आरोपी से पूछताछ अमल मे लाई जा रही है। आरोपी ने वारदात को कबूल कर लिया है। हरोली में हुई अन्य वारदातो मे भी पुलिस को इन आरोपियों से पूछताछ करनी है। पुलिस टीम मे मुख्य आरक्षी नरेंद्र, आरक्षी विजेश, आरक्षी अंकुश शामिल रहे। उपपुलिस अधीक्षक मोहन रावत तथा थाना प्रभारी सुनील ने बताया कि आम जनता को बिलकुल भयभीत होने की आवश्यकता न है, जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आम जनता किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी या कोई भी गोपनीय सूचना तुरंत थाना के नंबर या पुलिस थाना प्रभारी के नंबर 7018995910 पर दे सकती है।

पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान भूपिंद्र उर्फ बबिंदर पुत्र सतनाम सिंह गांव फतेहपुर, डॉ. कोठी तहसील गढ़शंकर जिला होशियारपुर पंजाब जिसकी उम्र 19 साल बताई गई है।

# डीसी जतिन ने कुष्ठ आश्रम कोटला खुर्द का किया दौरा



कुष्ठ आश्रम में डीसी ने सुविधाओं के उन्नयन का दिया आश्वासन दिया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने मां छिन्नमस्तिका कुष्ठ आश्रम सोसायटी कोटला खुर्द का दौरा कर वहां रह रहे लोगों के जीवन-यापन और सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे लोगों से आत्मीय संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझा।

आश्रम के सचिव लाल बाबू ने उपायुक्त को आश्रम में बिजली की आपूर्ति की अस्थिरता, सामुदायिक भवन की अनुपलब्धता और सुरक्षा हेतु चारदीवारी की आवश्यकता जैसी समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि आश्रम की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे ताकि बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके, साथ ही उन्होंने सामुदायिक भवन के निर्माण और चारदीवारी के कार्य को भी शीघ्र प्रारंभ करने का वादा किया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आश्रम के निवासियों के लिए समर्पित है और उनकी सभी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा उन्होंने आश्रम के निवासियों को जिला प्रशासन की सामर्थ्य योजना की जानकारी भी प्रदान की।

# झोपड़ी से पकड़े दो सांप, गुलशन हुआ बेघर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव समूर कलां, माजरा पोहड वार्ड नंबर 5 में रहते एक निर्धन परिवार गुलशन कुमार जो कि एक टूटी-फूटी झोपड़ी में अपना गुजारा कर रहा है, वहीं उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक बहुत बड़ा सांप गुलशन कुमार को नजर आया। गुलशन कुमार ने इसकी सूचना गांव वासियों को दी और मौके पर पंचायत प्रधान भी वहां पहुंच गए।

इसकी सूचना उन्होंने तुरंत सांप पकड़ने वाले जितेंद्र कुमार कोडी को दी जो काफी लंबे समय से सांप पकड़ने का काम कर रहा है। उसके साथ उसकी बेटी दामिनी भी पहुंची और दोनों बाप-बेटी ने सांप को काबू कर लिया। दो सांप झोंपड़ी से काबू कर लिए, लेकिन दो सांप और थे, जिनकी तलाश के लिए गुलशन का आशियाना तोड़ना पड़ा। गांव वासियों ने बताया कि गुलशन कुमार का रहने का इंतजाम ग्राम पंचायत में करना पड़ा।

## बच्चों को बांटे बूट



गोंदपुर बनेहड़ा। चिंतपूर्णी क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी एवं राजकीय माध्यमिक पाठशाला नारी के 82 बच्चों को वीरवार को यूके निवासी मधु बढेरा एवं अशोक बढेरा ने शूज (जूते) दान किए। बता दें कि मधु बढेरा एवं अशोक बढेरा के सौजन्य से जालंधर निवासी धीरज कुमार के माध्यम से हर वर्ष स्थानीय पाठशाला के बच्चों को शिक्षण सामग्री, स्वेटर, जूते आदि प्रदान किए जाते रहे हैं। पाठशाला प्रबंधन समिति धलवाड़ी, शिक्षक वर्ग पाठशाला तथा ग्राम वासियों की तरफ से सम्मानीय दानी सज्जनों का आभार व्यक्त किया गया है। बच्चों ने भी मधु बढेरा एवं अशोक बढेरा को धन्यवाद कहा है।

# टाहलीवाल में सड़क दुर्घटना, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

वीरवार सुबह लगभग 6 बजे टाहलीवाल-संतोषगढ़ मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना ने पूरे गांव को शोक में डाल दिया। प्रदीप सिंह (19) पुत्र संत राम निवासी चंदपुर की कार एक पेड़ से टकरा जाने से मौत हो गई। प्रदीप अपने पिता के साथ ढाबे में काम करता था, जो कि सब्जी लेकर लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार जब प्रदीप अपनी कार से सब्जियां लेकर घर लौट रहा था, अचानक सड़क पर दो कुत्ते आ गए। प्रदीप ने कुत्तों को बचाने की कोशिश की, लेकिन इससे उसकी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे एक बड़े पेड़ से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में कार की स्थिति इतनी खराब हो गई कि दोनों कुत्तों की मौके पर ही मौत हो गई और प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से प्रदीप को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार को सौंप दिया गया और वीरवार की दोपहर को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। प्रदीप सिंह की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रदीप के पिता संत राम, जो टाहलीवाल में एक ढाबा चलाते हैं, ने हाल ही में एक नई कार खरीदी थी, जिसका प्रदीप रोजाना इस्तेमाल करता था। इस दुखद घटना ने परिवार और गांव को गहरे आघात में डाल दिया है।

पुलिस ने इस हादसे की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली





पिरथीपुर स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवी रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर स्कूल उपप्रधानाचार्य पूनम देवी की अध्यक्षता में एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा साइबर अपराध जागरूकता रैली निकाली गई। अभिनव पराशर ने कहा कि हमारे देश में आज भी बहुत से लोग ऐसे हैं, जिनको इस प्रकार के अपराधों की जानकारी नहीं होती और वे ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, अजय कुमार, हर्बिंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, प्रशांत ठाकुर, सुलोचना राणा, हरमेश, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।

### समाज में सर्वोच्च स्थान दिलवाने में शिक्षक की भूमिका जरूरी : आचार्य रवि



विनोद शर्मा, लठियानी। सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय दो डोहगी में प्राचार्य डॉ. लाल सिंह पठानिया के नेतृत्व में एवं डॉ. रवि दत्त शर्मा के संयोजक संयोजन में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस समारोह का वसुंधरा आयोजन किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ ओम दत्त, सरोज पूर्व प्राचार्य महाविद्यालय ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर रवि दत्त शर्मा ने बताया की एक विद्यार्थी को आदर्श शिक्षक एवं आदर्श समाज में सर्वोच्च स्थान दिलवाने का कार्य शिक्षक करता है। इस कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. कृष्णा देवी, डॉ. केदार दत्त पुरोहित, डॉ. मुकेश कुमार एवं अनुज एवं डॉ. प्रीतम सिंह उपस्थित रहे।

# वशिष्ट स्कूल में छात्रों ने निभाई शिक्षक की भूमिका

**अनंत ज्ञान, ऊना**



वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में 'शिक्षक दिवस' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं के बच्चों ने शिक्षकों के रूप में स्कूल का कार्यभार संभाला। बच्चों ने स्कूल में अनुशासन और पढ़ाई का पूरा ध्यान रखा और बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शिक्षक दिवस पर बच्चों ने सभी शिक्षकों को उपहार भेंट किए। शिक्षकों ने बच्चों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर शिक्षक बने बच्चों में सृष्टि प्रथम, भूमि व सार्थक द्वितीय तथा गुंजन शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने शिक्षक दिवस के बारे में अवगत कराया।

**सूडोकु 0048** — ★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

6 सितंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद **तिथि** तृतीया : (3:03): **नक्षत्र** हस्त (9:25), **पक्ष :** शुक्ल **योग:** शुक्ल (8:02) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:53-12:44), **राहुकाल** (10:44 -12:19)।

**विशेष दिन**

- 6 सितंबर व्रत रोट तीज (दिगम्बर जैन) आज।
- 6 सितंबर 2024 : हरितालिका तीज आज।

**मेष:** व्यापार व्यवसाय में यश-कीर्ति बढ़ेगी। यात्रा से लाभ संभव है। समय पर कार्य करना सीखें।

**वृषभ:** वृषभ राशि = वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन:** संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। राज कार्य से जुड़े जातकों के लिए समय मिश्रित फलदायी है।

**कर्क:** व्यापार विस्तार की योजना सफल होगी। व्यर्थ चिंता छोड़ दें। खाद्य पदार्थ से जुड़े जातकों के लिए समय अति श्रेष्ठ है।

**सिंह:** आप के व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है, इसका लाभ लें।

**कन्या:** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं।

**तुला:** लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे।

**वृश्चिक:** नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा। आप कितना सोचते है, पर करते कितना हैं, इस पर ध्यान दें।

**धनु :** क्या करूं क्या न करूं इसी स्थिति से आप गुजर रहे हैं। शांति से फैसले लें जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें।

**मकर:** आप दूसरों के लिए बुरा न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग संभव है।

**कुंभ:** जो करना चाहें वो करिए। फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे। शांति से विचार कर कोई निर्णय लें।

**मीन:** कार्य की अधिकता के कारण जरूरी कार्य पूरे नहीं हो सकेंगे। अधिकारी वर्ग के लिए समय उत्तम है।

## शिक्षक दिवस — आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में रही शिक्षक दिवस की धूम

# छात्रों में सीखने की जज्बा पैदा करता है शिक्षक : आर्य



आर्य पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर छात्र और अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

गुरु वह होता है जो बच्चों में छुपी क्रिएटिविटी, नॉलेज और एक्सप्रेशन को जगाता है। शिक्षक वह होता है, जो हमारी कल्पना को प्रज्वलित करता है और वही एकमात्र व्यक्ति है जो हमारे अंदर सीखने की जज्बा पैदा करता है। यह बात आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के प्रबंधक जोगिन्द्र देव आर्य ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर छात्रों को संबोधित करते हुए कही।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर छात्रों के लिए भाषण और कविता वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के छात्रों को ईको पार्क का भ्रमण भी करवाया गया। वहीं, प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बंगाणा आश्रम में जाकर ब्रह्मकुमारी रितु के मुखारबिंद से बहुमूल्य प्रवचन भी सुने।

इस दौरान छात्रों ने शिक्षक के सम्मान में केक काटे और मिठाईयां बांट कर तथा शिक्षकों को उपहार देकर अपना प्यार शिक्षक के सम्मान में प्रदर्शित भी किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा। इसके अतिरिक क्षेत्र के अन्य स्कूलों में भी शिक्षक दिवस की धूम रही।

### छात्रों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया



दौलतपुर चौक। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य सतपाल वशिष्ट ने बच्चों को कहा कि यह दिन शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी अजीत कुमार, महिला प्रभारी अनीता रानी, उपप्रधानाचार्य बिहारी लाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, शक्ति देवी, बजिंद्र सिंह तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

### दौलतपुर चौक स्कूल में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित



**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर चौक में बच्चों ने शिक्षक दिवस पर रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शरुआत शिक्षा संवाद से हुई, जिसमें 150 के लगभग बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों ने शिक्षक दिवस पर भाषण, स्किट, पहाड़ी नाटी सहित अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य बासुदेव ठाकुर, प्रवक्ता विपिन, प्यारे राम, भारत भूषण, मनोज ठाकुर, मोनिका रत्न, मीना शर्मा, पूजा शर्मा, मधु कौंडल, तररनुम, कंचन, संजीव शर्मा, कंचन डोगरा, शारदा शर्मा सहित बच्चों ने भाग लिया।

अनंत ज्ञान

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

It is to inform you all that Environment Clearance is granted to Project "Exraction of Sand Stone & Bajri by Maha Laxmi Stone Crusher Khasra No: 559 falling in Mohal Beha, Mauza Hathol, Tehsil-Nadaun, Distt. Hamirpur, HP, 61, 965 TPA over 4-06-86 Hectare vide HPSEIAA/2022/965 EC22B001HP183205 for 5 years or upto the date of valid mining plan whichever is earlier.

खाता नंबरान 1936, 1931 मिन, 1713 मिन, 1702 मिन

**न्यायालय विजय कुमार राय तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.**

**अनुवान मुकद्दमा:-** मूलराज, सतीश कुमार पुत्र श्री जगदीश कुमार पुत्र हाको निवासी महाल बडेढ़ा तहसील हरोली जिला ऊना हि.प्र.

वनाम

1. श्रीमति मीरा देवी व श्रीमति किरण देवी पुत्रियां रामदास 2. श्रीमति शुभलता पत्नी स्व. रामपाल 3. हरीश चंद पुत्र राम आसरा 4. धर्म पाल पुत्र जगदीश राम 5. केवल कृष्ण पुत्र भीखा राम 5. युधिष्टर राज-अविनाश चंद शर्मा-रमेश चंद शर्मा-सुरेश कुमार शर्मा-रविन्दर नाथ शर्मा पुत्र व श्रीममि सुशीला देवी पत्नी स्व. शंकर दास 6. श्री परीक्षित-दविन्दर प्रकाश पुत्र व श्रीमति सरोजवाला-मधूवाला पुत्रियां व श्रीमति रतनी देवी पत्नी स्व. सोम नाथ 7. विशन दास पुत्र भीखा राम सभी निवासी महाल बडेढ़ा तहसील हरोली जिला ऊना हि.प्र. प्रतिवादीगण

**विषय:-** प्रार्थना पत्र तकसीम अराजी खाता नं. 1713 मिन, खतौनी नं. 2094 खसरा नं. 3851/1 रकवा तदादी 1-19 कनाल व खाता नंबर 1702 खतौनी नं. 2060, खसरा नं. 3851/2 रकबा तादादी 1-19 कनाल व खाता नंबर 1931 मिन खतौनी नं. 2353 मिन खसरा नं. 3641/1 रकवा तादादी 4-8 कनाल व खाता नंबर 1936 खतौनी नं. 2358 खसरा नंबर 3851 रकवा तादादी 5-0 कनाल स्थित महाल बडेढ़ा तहसील हरोली जिला ऊना हि.प्र.

प्रार्थी ने उपरोक्त भूमि की तकसीम करने बारे इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर कर रखा है, जिसमें प्रतिवादीगण नं. 1. केवल कृष्ण पुत्र भीखा रात 3. धर्मपाल पुत्र जगदीश राम 4. मीरा देवी-किरन देवी पुत्रियां राम दास 5. श्री युधिष्टर राज-अविनाश चंद शर्म-रमेश चंद शर्मा-सुरेश कुमार शर्मा-रविन्दर नाथ शर्मा पुत्र व सुशीला देवी पत्नी स्व. शंकर दास 6. श्री परिक्षित-दविन्दर प्रकाश पुत्र व सरोज वाला-मधूवाला पुत्रियां व श्रीमति रतनी देवी पत्नी स. सोम नाथ 7. विशन दास पुत्र भीखा राम 3. हरीश चंद पुत्र राम आसरा को इस न्यायालय द्वारा दावा तकसीम की पैरवी हेतु समन भेजे गए, परंतु रिपोर्ट तामील कुनिंदा से पाया कि वह इलाका से बाहर रहते हैं, जिस कारण उन्हें साधारण तरीके से समन की तामील होना असंभव है। अतः प्रतिवादीगण नं. 1-3 ता 7 व 3. को इस इश्तार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 7/09/2024 को प्रातः 10:00 बजे कैंप कोर्ट ऊना (झलेड़ा) में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी मुकदमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर तकसीम स्वीकार कर दी जाएगी।

आज दिनांक 3.9.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर सहित अदालत से जारी हुई।

**विजय कुमार राय, तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर तहसील बड़सर जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**




# मणिमहेश यात्रा





## जय भोले नाथ...







# दो दिन भरमौर से गौरीकुंड तक नहीं होगी उड़ान

**ओपी शर्मा, भरमौर**

शुक्रवार और शनिवार को दो दिन भरमौर हेलिपैड से गौरीकुंड के लिए हेलि टैक्सी की उड़ाने नहीं भरी जाएगी। इन 2 दिनों के लिए जम्मू के भदरवा से आए शिव भक्तों के लिए हेलिपैड खाली रहेगा। इन दो दिनों में जम्मू के भदरवा से आए शिव भक्तों की छडियां यहां पर रुकेंगी और 8 तारीख को यहां से प्रवास करेंगे। उसके बाद ही यहां पर हेलिकॉप्टर की उड़ाने दोबारा शुरू होगी।

शुक्रवार को यहां पर जम्मू से आने वाले शिव भक्त पहुंचेंगे जिस दौरान यहां पर हेलि टैक्सी के जरिए यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को दो दिन इंतजार करना होगा। प्रशासन की ओर से भी उनके ठहरने व रहने की उचित व्यवस्था कर दी गई है। एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि शुक्रवार और शनिवार के दिन हेलिपैड से हेलि टैक्सी की उड़ाने बंद रहेगी। (अनंत ज्ञान)



हेलिपैड पर रूके हुए भक्त।

### वीरवार को शिव भक्तों ने एक घंटे तक रोकी उड़ानें

**वीरवार** को जम्मू से भरमौर पहुंचे शिव भक्तों ने हेलिपैड में अपने हक को लेकर 1 घंटे तक यहां पर हेलि टैक्सी की उड़ानों को रोक रखा। इन सभी भक्तों का कहना था कि हर बार हेलिपैड में उनके रहने की व्यवस्था होती है लिहाजा उस दौरान यहां पर हेलि टैक्सी उड़ाने नहीं भर सकते हैं। हालांकि आधिकारिक रूप से शुक्रवार व शनिवार को प्रशासन ने यह व्यवस्था की है। जिसके बाद हेलिटैक्सी द्वारा उड़ने जारी की गई।

### दोपहर बाद नहीं हो पाई हेलि टैक्सी की उड़नें

**वीरवार** को दोपहर बाद मणिमहेश में अचानक मौसम के खराब हो जाने के बाद हेलि टैक्सी की उड़ाने रद्द करनी पड़ी। इस दौरान हेली टैक्सी के जरिए जाने वाले श्रद्धालु भी काफी निराश दिखे और मौसम खुलने का इंतजार करते रहे। हालांकि सुबह ही दोनों हेलिकॉप्टरों ने उड़ाने भरना शुरू कर दी थी लेकिन दोपहर बाद एकाएक मौसम के खराब हो जाने के कारण उड़ाने रद्द करनी पड़ी।




## न्यूज ब्रीफ

### मैहला में 9 को लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति शिमला व स्वास्थ्य विभाग चंबा द्वारा 9 सितंबर 2024 को खंड विकास कार्यालय मैहला के समिति हॉल में एक स्वास्थ्य जांच शिव का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विपिन शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि ओशन नामक संस्था के सहयोग से आयोजित किया जा रहे इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों से ग्रस्त रोगियों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। डॉ. विपिन शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार का स्वास्थ्य जांच शिविर आगामी अक्टूबर माह की 7 तारीख को तीसरा उप मंडल के गांव झझाकोठी में भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये शिविर प्रातः 11:00 बजे शुरू होंगे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलेंगे मकान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वंचित पात्र परिवारों को एक मुश्त मकान मुहैया करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिला चंबा में वर्ष 2018 में आवास प्लस ऐप के माध्यम से वंचित परिवारों के सर्वेक्षण किए गए थे जिसमें पात्र परिवारों को सरकार द्वारा आवंटित लक्ष्यों के आधार पर मकान मुहैया करवाए गए। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अभी तक लगभग 18,000 परिवार ऐसे हैं जिन्हें मकान प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उन परिवारों को मकान उपलब्ध करवाए जाएं जिन्हें इस योजना का लाभ आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। इस कार्यक्रम के माध्यम से केवल उन्हीं परिवारों को पंजीकृत किया जाएगा जो कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र होंगे तथा आवास प्लस 2018 की सूचि में उनका नाम होगा। उन्होंने कहा कि परिवारों की पंजीकरण की प्रक्रिया जिला भर में शुरू कर दी गई है अतः समस्त पात्र परिवारों से अनुरोध है कि वह संबंधित पंचायत या विकासखंड में जाकर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित बनाए। उन्होंने बताया कि आवास प्लस पोर्टल पर अपलोड किये गए परिवारों की सूचि संबंधित पंचायतों में उपलब्ध रहेगी तथा पंजीकरण की प्रक्रिया 5 से 11 सितंबर तक चलेगी।

### चुराह बस अड्डे की दुकानों का होगा टेंडर : आरएम चंबा



**आजम डार, चुराह।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के सौजन्य से नवनिर्मित बस अड्डा भजराडू में नवनिर्मित दुकानों की ओक्शन जल्द की जाएगी, हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम चंबा के क्षेत्रीय प्रबंधक की अगुवाई में एक टीम ने उक्त नवनिर्मित बस अड्डा का निरीक्षण किया और यहां बनाई गई दुकानों को भी नंबरिंग करवाई गई है और यह तय हुआ है कि इस महीने की 28 तारीख को टेंडरिंग के माध्यम से दुकानों का ऑक्शन किया जाएगा ताकि निगम को आर्थिक रूप से भी मजबूत करने के लिए निगम प्रयास करते हैं उक्त नवनिर्मित बस अड्डा में काफी दुकाने हिमाचल प्रदेश की ओर से बनाई गई है जिसे टेंडरिंग के माध्यम से ऑक्शन किया जाएगा। यह जानकारी शुगल कुमार आरएम चंबा ने दी।

### पोषण अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पोषण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरीपुर के पंचायत घर में एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों को पोषक आहार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन से विपन कश्यप ने संपूर्णता अभियान के बारे मे विस्तृत जानकारी दी तथा नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 मानकों के सुधार बारे चर्चा की गई। विकास शर्मा जिला समन्वयक ने पोषण के पांच सूत्रों के बारे मे जानकारी दी।

# कृषि अधिकारियों ने सीखा फसल पैदावार के आकलन का तरीका

**अनंत ज्ञान, चंबा**

वर्तमान खरीफ मौसम में जिला चंबा में मक्की व धान की पैदावार कितनी होगी इसका आकलन करने के लिए पिछले दो दिनों में राजस्व अधिकारियों व कृषि अधिकारियों के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

उप कृषि निदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि 80 प्रतिशत क्षेत्र में पैदावार का आंकलन राजस्व अधिकारियों द्वारा तथा 20 प्रतिशत क्षेत्र में पैदावार का आंकलन कृषि अधिकारियों द्वारा किया जाता है ।

इस बार जिला चंबा में मक्की और धान की फसल की पैदावार के आंकलन के लिए कुल 318 क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स किए जाएंगे, जिसमें से 264 क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स करने का लक्ष्य राजस्व विभाग विभाग के अधिकारियों व 54 क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स करने का लक्ष्य कृषि विभाग के अधिकारियों को दिया गया है।

डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि हर फसल की कटाई से पहले सभी अधिकारियों को 'क्रॉप कटिंग' करने के तरीके तथा इसके बाद फसल की पैदावार के आंकलन की जानकारी दी जाती है।

उन्होंने बताया कि किसी भी फसल की पैदावार का आंकलन करने के लिए किसानों के खेतों के खसरा नंबरों का चयन एक तकनीक से पहले ही कर लिया जाता है। उन्होंने इस बार फसल पैदावार के आंकलन के लिए सभी क्रॉप कटिंग के कार्य व इसके परिणाम मोबाइल एप में दर्ज किए जाएंगे ।

उन्होंने कहा की फसल की पैदावार का सही आंकलन करना एक महत्वपूरण कार्य है। क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स द्वारा किए गए फसल की पैदावार के आंकलन के आधार पर आगामी वर्षों में पैदावार व गुणवत्ता बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाई जाती है 7 इसी आधार पर किसानों को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है।

डॉ. धीमान ने बताया कि प्रशिक्षण कार्य कृषि निदेशालय से नामित तकनीकी सहायक, संदेसा देवी तथा भारत सरकार से नामित वरिष्ठ सांख्यकी अधिकारी विनोद कुमार द्वारा दिया गया।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं हुई डॉ. कुलदीप धीमान।

# राइजिंग स्टार स्कूल में बच्चों की करवाई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भटियात**

राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल चुवाड़ी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस मौके पर विद्यार्थी अलग-अलग वेशभूषा में विद्यालय आए. इस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

राइजिंग स्टार स्कूल बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी अन्य प्रतिभाओं को भी निखारने का निरंतर प्रयास कर रहा है. जिससे बच्चों का स्वांगीण विकास हो सके. इस अवसर पर स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी विजय पाल व स्कूल की प्रधानाचार्या उषा चाढ़क तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



# कार दुर्घटनाग्रस्त होने से 3 लोग घायल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर भरमाणी माता मंदिर मार्ग पर बुधवार रात एक इनोवा कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें तीन सवार लोग घायल हुए हैं। हादसे में तीन यात्री घायल हुए हैं जिन्हें तुरंत उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल भरमौर पहुंचाया गया।

रात के समय इसमें सवार यात्री भरमौर से भरमाणी माता मंदिर की ओर जा रहे थे कि भरमौर से मात्र आधा किलोमीटर दूर गोठडू नाली में अनियंत्रित होकर गाडी लगभग पचास फुट नीचे लुढ़क गई। हादसे में सभी सवार यात्री धर्मशाला के निवासी थे। रात का अंधेरा होने के बाबजूद इनोवा सवार सभी घायलों को नागरिक अस्पताल भरमौर पहुंचाया गया।

सिविल हॉस्पिटल भरमौर में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर रुचिका ठाकुर ने बताया कि हादसे में चालक को अधिक चोटें आई हैं,जबकि अन्य दो को भी गंभीर चोटें आई हैं। तीनों की स्थिति स्टेबल है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# अंबा रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया सालाना समारोह

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** सुंदरनगर में विश्वस्तरीय आंखों के चैरिटेबल अस्पताल का निर्माण कर रहे अंबा शर्मा रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट ने धनोटू में अपना सालाना समारोह मनाया। समारोह में प्रेजिडेंट स्पेशल ओलंपिक्स भारत और चेयरपर्सन एशिया पैसिफिक एडवाइजरी कौंसिल मल्लिका नड्डा ने मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक राकेश जम्वाल विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ट्रस्ट के चेयरमैन इंजीनियर बीबी कौशल ने स्वागत पूरे वर्ष में किए कामों की जानकारी दी।

# सीएम ने किया मोबिलिटी कार्ड का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कैशलेस यात्रा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हिमाचल पथ परिवहन निगम के नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की सुविधा का शुभारंभ किया। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई के अलावा अब यात्री नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के जरिए भी किराए का भुगतान कर सकेंगे। इस कार्ड के माध्यम से यात्री देशभर में कई तरह की सेवाओं का कैशलेस तरीके से लाभ उठा पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम देश का पहला ऐसा राज्य परिवहन उपक्रम है जिसने इस सुविधा की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि यह कार्ड 100 रुपए के भुगतान पर जारी किया जाएगा और इसके बाद लोग बस काउंटर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से इसका टॉप-अप रिचार्ज करवा सकेंगे।



मोबिलिटी कार्ड का शुभारंभ करते सीएम।

# वूल फेडरेशन के अध्यक्ष नियुक्त न होने पर समस्याएं बरकरार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

- **अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति ने सीएम को लिख पत्र**

अखिल भारतीय गाड़ी जनजातीय विकास समिति पंजीकृत ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को वूल फेडरेशन के अध्यक्ष पद की नियुक्त जल्द से जल्द करने की गुहार लगाई है। इसके लिए समिति ने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। सरकार के डेढ वर्ष बीत जाने के बाद भी वूल फेडरेशन के अध्यक्ष पद की नियुक्ति न होने पर समिति ने खेद जताया हैं।

अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि गद्दी जनजातीय समुदाय के भेड़पालकों एवं उन कारोबारियों के हित में वूल फेडरेशन के अध्यक्ष की नियुक्ति न होने के कारण इस समुदाय के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने कहा है कि पूर्व की सरकारों में हर बार गद्दी समुदाय से मंत्री वह की महत्वपूर्ण पदों पर गद्दी समुदाय के ताल्लुक रखने वाले लोग होते थे। जिसके कारण भेड़ पालकों एवं ऊन कारोबारियों की दैनिक समस्याओं व कठिनाइयों का समाधान होता रहता था।

लेकिन इस मर्तबा न तो गद्दी जनजातीय समुदाय से कोई मंत्री है और न ही इस गद्दी समुदाय से कोई नेता सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर है जो समुदाय की समस्याओं कल्याण एवं उत्थान के बारे में समाधान कर सके। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार वाइस चेयरमैन मदन भरमौरी टेक चंद शर्मा महासचिव श्रीकांत शर्मा ने नए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस समुदाय के उत्थान के लिए किसी भी योग्य व्यक्ति को वूल फेडरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया जाए। ताकि गद्दी जनजातीय समुदाय के भेड़ पालकों व ऊन कारोबारियों के उत्थान कल्याण के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा सके और उनकी समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि अब तक वूल फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति न होने के कारण गद्दी जनजातिय समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश पनप रहा है और सरकार ने अब तक इस समुदाय के लिए कुछ भी नहीं कर रही है। इस समुदाय की अपेक्षा के कारण इस समुदाय के जो लोग कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता थे पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। समिति ने हैरानी जताई है कि कांग्रेस पार्टी गद्दी समुदाय के लोगों को नजर अंदाज करती जा रही है। लिहाजा समिति ने एक बार फिर से जोरदार मांग करते हुए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि गद्दी समुदाय के भेडपालकों व ऊन कारोबारियों के कल्याण व उत्थान के लिए जल्द से जल्द वूल फेडरेशन के अध्यक्ष पद की नियुक्ति की जाए।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में मनाया शिक्षक दिवस



डॉ. सर्वपल्ली के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते गणयमान्य।

**अनंत ज्ञान, भटियात**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में गुरुवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । विद्यालय के कक्षा 12 के छात्रों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए अपने शिक्षकों का सम्मान किया।

इस दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि प्रतिवर्ष 5 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के लिए अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### एलआईसी सबसे पुराना बीमा निगम : सौरभ



**मनाली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एलआईसी शाखा में अभिकर्ता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर खुशी मनाई। इस बार एलआईसी की 68वां वार्षिक गांठ मनाई गई। मनाली में एलआईसी के सबसे पुराने अभिकर्ता लिखित राम ठाकुर के कर कमलों द्वारा केक कटवाया गया। मनाली शाखा प्रबंधक सौरभ ठाकुर ने आए हुए सभी अभिकर्ताओं का स्वागत किया। शाखा प्रबंधक ने कहा कि एलआईसी पूरे भारत में सबसे पुरानी और विश्वसनीय बीमा निगम है। इस समय पूरे भारत में एलआईसी के 14 लाख से भी ऊपर अभिकर्ता सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

### कॉलेज में गठित कार्यप्रणाली से करवाया अवगत



**आनी।** हरिपुर स्थित आनी कॉलेज में शिक्षा सत्र 2024-2025 के नए स्टूडेंट्स के मार्गदर्शन के लिए 'स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम' तथा शिक्षक दिवस कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर नरेंद्र पॉल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर अपने संबोधन में 'स्टूडेंट इंडक्शन 'प्रोग्राम' और 'शिक्षक दिवस' के आयोजन के लिए कॉलेज स्टाफ और छात्रों का आभार जताया तथा इस सत्र के नए छात्रों का कॉलेज में प्रवेश के लिए स्वागत किया। प्रोफेसर नरेंद्र पॉल ने शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए छात्रों को उनके दायित्व की जानकारी दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम को दो सत्र में बांटा गया था, जिसके पहले सत्र में 'स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम' आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम के अंतर्गत नए सत्र के छात्रों को कॉलेज में गठित विभिन्न क्लबों व समितियों की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया।

### हरिपुर और कुल्लू कॉलेज में चलाया हस्ताक्षर अभियान



**मनाली।** कुल्लू के हरिपुर और कुल्लू कॉलेज में विद्यार्थियों हस्ताक्षर अभियान में विद्यार्थी परिषद के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भाग लिया। इस अवसर पर एबीवीपी के सभी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के हस्ताक्षर कर छात्रों की विभिन्न मांगों को प्रदेश की वर्तमान सरकार के समक्ष रखा। एबीवीपी के जिला संयोजक सारांश ने बताया यह अभियान कुल्लू और हरिपुर कॉलेज में सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। हस्ताक्षर अभियान में कॉलेज में पढ़ने वाले लगभग सभी विद्यार्थियों ने भी इसमें अपनी रुचि दिखाई। एबीवीपी जिला कुल्लू छात्र हित में आगे भी इसी प्रकार के आंदोलन करेगी और छात्रों की विभिन्न मांगों को पूरा करने के लिए भी हर संभव कार्य को विद्यार्थी परिषद आने वाले समय में भी करेगी।

### कुर्सी दौड़ में डॉक्टर अनिल बने विजेता

**बंजार।** बंजार कॉलेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर रेणुका थपलियाल तथा सभी शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने मिलकर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को यादगार बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ हुई। इस उपलक्ष्य पर एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स और रेंजर्स के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया,



जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गीत, नृत्य, कविता पाठ जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन कार्यक्रमों में शिक्षा के महत्व और गुरु शिष्य परंपरा की महत्ता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सभी प्राध्यापकों ने क्रमशः पर्ची उठाकर उसके अनुसार प्रस्तुति दी। छात्रों ने शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन किया, जिसमें डॉक्टर अनिल, गणित विभाग से विजेता बने।

### 11 सदस्यीय चुनाव कमेटी का किया गठन



**मनाली।** मनाली होटलियर एसोसिएशन के चुनावों को लेकर जनरल हाउस का आयोजन किया गया, जिसमें चीफ पैटर्न गजेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में 11 सदस्य चुनाव कमेटी का गठन किया गया। आज चुनाव कमेटी की बैठक होगी, जिसमें चुनाव की तिथि और मानक कमेटी गठित करेगी। वहीं पर इस बार फिर से मनाली होटलियर एसोसिएशन के चुनाव मनाली में चर्चा का बाजार गर्म है। वहीं, एक बार फिर पूर्व प्रधान अनूप राम ठाकुर और गजेंद्र ठाकुर का नाम चल रहा है। वहीं पर निवर्तमान उपप्रधान रोशन ठाकुर और सुभाष ठाकुर का नाम प्रधान पद के जोरों से चल रहा है। इस बार भी सभी निगाहें मनाली होटलियर एसोसिएशन के चुनावों पर टिकी हुई हैं।

## एनसीसी हैंगर के कार्य की प्रगति को लेकर की बैठक



**कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश ने भुंतर में स्थित हवाई अड्डे पर निर्माणाधीन एनसीसी हैंगर के कार्य की प्रगति को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माणाधीन हैंगर के कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के एनसीसी एयर विंग के कैडेटों को यहीं एयरक्राफ्ट के प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति व लोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिक विंग के अधिकारियों को शेष बचे कार्य का शीघ्र टेंडर कर कार्य आरंभ करने को कहा, ताकि सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, बिजली उपकरण अदि लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके। डीसी ने कहा कि भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर हैंगर के बन जाने से एनसीसी विंग के कैडेटों को यहां पर ही माइक्रोलाइट एयर क्राफ्ट उड़ाने की प्रशिक्षण सुविधा मिल सकेगी। अभी एनसीसी एयर विंग कैडेटों को एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए प्रदेश से बाहर जाना पड़ता है, जिस कारण कई कैडेट प्रदेश से बाहर प्रशिक्षण लेने के लिए जाने में असमर्थ हो जाते हैं। कुल्लू स्थित भुंतर हवाई अड्डे पर माइक्रोलाइट एयर क्राफ्ट के लिए हैंगर न होने के चलते अभी एयरक्राफ्ट को रखने की सुविधा भी नहीं है। हेंगर बन जाने पर कैडेटों को एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# कोई भी जरूरतमंद पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से न रहे वंचित

## रक्त की कमी से ग्रसित बालक-बालिकाओं की नियमित अंतराल में करें जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

समेकित बाल विकास सेवाओं के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी तोरुल एस रवीश ने जिला परियोजना अधिकारी को कुपोषण एवं रक्त की कमी से ग्रसित बालक-बालिकाओं के विकास की नियमित अंतराल पर जांच करते रहने के निर्देश दिए, ताकि उनको प्रदान किए जा रहे पोषण के परिणाम का आकलन किया जा सके।

डीसी ने निर्देश दिए की यदि कोई सेम (अतिकुपोषित) बालक अथवा बालिका को चिकित्सकीय परामर्श अथवा अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता हो तो उसका भी समय-समय पर स्वयं निरीक्षण करें तथा संबंधित बीएमओ के साथ चर्चा कर रेफरल आवश्यकता को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। डीसी ने जिले में निर्माणाधीन विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों, शौचालय के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। बैठक की कार्रवाई का संचालन करते जिला परियोजना अधिकारी पदम देव शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023-24 में जिले मे 21 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से सात केंद्रों का निर्माण कार्य आरंभ किया जा चुका है, जिसके लिए विभाग के अलावा मनरेगा व 15वें वित्त आयोग से राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। डीसी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे इसके लिए फील्ड स्टाफ को भी प्रेरित करें। बैठक में एडीएम अश्वनी कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा कमेटी की बैठक में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारी।

## इंस्पेक्टर अर्जुन को स्नेहपूर्वक दी विदाई



**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति ने पुलिस स्टेशन केलांग के एसएचओ निरीक्षक अर्जुन सिंह को स्नेहपूर्वक विदाई दी। निरीक्षक अर्जुन सिंह का स्थानांतरण राज्य सतर्कता और एंटी करप्शन ब्यूरो में हुआ है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी आईपीएस, डीएसपी मुख्यालय राज कुमार और जिला लाहौल-स्पीति के अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक अर्जुन सिंह के कार्यकाल की सराहना की और उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निरीक्षक अर्जुन सिंह ने हमेशा कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपने कार्यों का निर्वहन किया है और उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। डीएसपी मुख्यालय ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और नए कार्यस्थल पर सफलता दी। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य सदस्यों ने भी निरीक्षक अर्जुन सिंह को शुभकामनाएं दीं और उनके साथ अपने अनुभव साझा किए।

## सात से 17 तक मनाया जाएगा गणेश उत्सव

**भुंतर।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित भुंतर में गणेश उत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव का आयोजन श्री गणेश उत्सव मंडल गणपति चौक भुंतर के द्वारा किया जा रहा है। 16वां गणेश उत्सव सात सितंबर गणेश चतुर्थी से लेकर 17 सितंबर तक मनाया जा रहा है। शनिवार 7 को सुबह 8:30 पर सर्वप्रथम मूर्ति स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही प्रतिदिन शाम के समय में आरती की जाएगी। मंगलवार 10 को दोपहर 1 बजे सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। 15 को दोपहर 12 बजे भंडारा आयोजित किया जाएगा। 16 को शाम के 7:30 पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 17 को सुबह के 11 बजे भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समस्त भुंतर वासी भाग लेंगे और इसी के साथ ही विसर्जन कर भगवान गणेश को विदाई दी जाएगी।

## केलांग में स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्यालय केलांग में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी राहुल कुमार ने कहा की जिले में यह अभियान 14 सितंबर से शुरू होगा, जिसका समापन 2 अक्तूबर को गांधी जयंती पर होगा, जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। डीसी ने बताया कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीन मुख्य स्तंभ हैं, जिसमें स्वच्छता की भागीदारी, श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर की विभिन्न गतिविधियों में लोगों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित बनाई जाएगी। बैठक के दौरान डीसी ने जिला स्तर पर सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि



स्वच्छता ही सेवा अभियान में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को संगठित कर सक्रिय बनाना है। पखवाड़े भर चलने वाले इस अभियान में जिला प्रशासन और पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से लोगों की व्यापक भागीदारी रहेगी, जिससे जिले में स्वच्छता के प्रति सहयोगात्मक और समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जाए। इस अभियान की सफलता जिले को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सरकारी अधिकारियों, गैर-सरकारी संगठनों, पंचायतीराज संस्थाओं से लेकर आम नागरिकों तक हर हितधारक के सामूहिक प्रयासों पर निर्भर रहेगी। लिहाजा , सभी अपना अहम योगदान दें।

# लाहौल-स्पीति में पंचायतीराज संस्था के सात पदों के लिए मतदान 29 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला लाहौल-स्पीति में पंचायतीराज संस्था के रिक्त हुए सात पदों के उपचुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू की गई है, जिसकी अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और उपचुनाव की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

डीसी ने कहा कि जिले में 7 रिक्त पदों के उपचुनाव की अधिसूचना 31 अगस्त को जारी की गई है। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि एक पद जिला परिषद सदस्य बार्ड सिस्सू व एक पद उपप्रधान डेमुल तथा वार्ड सदस्य के पांच पद गोंधला, केलांग, जाहलमा, ढंकर, खुरिक के उपचुनाव होने जा रहे हैं। नामांकन की तिथियां 11, 12 एवं 13 को निर्धारित की गई हैं। नामांकन पत्रों की छटनी 16 सितंबर को होगी, नाम वापसी 18 तक निर्धारित की गई है।



### आदर्श आचार संहिता लागू

**पंचायत** के वार्ड सदस्यों और उपप्रधान के लिए वोटों की गिनती मतदान की तारीख पर पंचायत मुख्यालय में मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जाएगी। जिला परिषद सदस्य के मतों की गणना-30 को विकासखंड मुख्यालय पर होगी। उन्होंने बताया कि इन वार्डों में कुल मतदाता 3402 हैं, जिसमें 1711 पुरुष व 1691 महिला मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। आदर्श आचार संहिता अधिसूचना जारी होने के तुरंत प्रभाव से लागू की गई है, जिसमें पंचायत के वार्ड सदस्य और उपप्रधान के चुनाव के लिए संपूर्ण ग्राम पंचायत आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत आएगी। जिला परिषद के सदस्य के चुनाव के लिए जिला परिषद का संबंधित वार्ड एमसीसी के अंतर्गत आएगा।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनीता प्रथम

## विजेता प्रतिभागी गेयटी थियेटर शिमला में लेंगे भाग



देवसदन भवन में हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थी, गणमान्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़ा का उपलक्ष्य देवसदन भवन कुल्लू के सेमीनार हॉल में तीन चरणों में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की भाषण, निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनीता, रावमापा पीज ने प्रथम, हर्षिता, कुल्लू वैली स्कूल ने द्वितीय, सृष्टि, रावमापा कन्या सुलतानपुर व दिशमीत ठाकुर, डीएवी पब्लिक स्कूल ने तृतीय, निशा, ब्रह्मर्षि निकेतन रघुनाथपुर, वैभव ब्रह्मर्षि मिशन स्कूल जरड, प्राचंल, स्नोर वैली स्कूल बजौरा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। हिंदी निबंध लेखन में प्रियंका गौड़, भारत-भारती स्कूल-ढालपुर ने प्रथम, उरवी ठाकुर, रावमापा पीज ने द्वितीय, प्रतिष्ठा वालिया, एलएमएस -ढालपुर व श्रेया शर्मा ब्रह्मर्षि मिशन स्कूल जरड ने तृतीय, दीया ठाकुर, कुल्लू वैली स्कूल रामशीला व अनामिका, रावमापा बरान ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। भाषण प्रतियोगिता में ऋधिमा ठाकुर, एलएम एस ने प्रथम, स्नेहा, रावमापा ने द्वितीय, गुंजन राठौर, स्नोर वैली पब्लिक स्कूल ने तृतीय, जपदीप कौर रावमापा भूंतर व वंशिका रावमापा सारी भेखली ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सुनीला ने जानकारी दी कि इन प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को गेयटी थियेटर शिमला में 12 से आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका प्राप्त होगा।

## नशे की आदत समाज के लिए अभिशाप : शशिपाल



**कुल्लू।** नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समिति की बैठक वीरवार को बहुउद्देश्यीय भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। इस सम्मेलन की अध्यक्षता सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी ने की। उन्होंने जिले को नशा मुक्त करने के लिए अभियान से जुड़े सभी विभागों से आपसी तालमेल व सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे की आदत न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए अभिशाप है। इस बुराई को सभी के सहयोग से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने गैर-सरकारी संस्थाओं को भी कुल्लू को नशा मुक्त बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने बैठक में बताया कि महिला नशा उन्मूलन केंद्र भुंतर में जो कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, उसका दूरभाष नंबर 01902-356136 है, जिस पर कोई भी व्यक्ति नशा निवारण संबंधित जानकारी हासिल कर सकता है।

## बंजार के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में स्वीकृत 50 फीसदी पद खाली : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के सबंध में सवाल रखा, जिसके जवाब में सामने आया है कि बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 33 स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणी के स्वीकृत पदों में से 50 प्रतिशत पद वर्तमान में रिक्त चल रहे हैं।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गड़सा व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुशैनी बिना चिकित्सा अधिकारी के अन्य कर्मचारियों के सहारे चलाए जा रहे हैं। सवाल के जवाब में यह भी सामने आया कि बंजार के अंतर्गत चल रहे 27 स्वास्थ्य उपकेंद्रों में पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता के स्वीकृत 24 पदों में से 23 रिक्त चल रहे हैं व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के स्वीकृत 26 पदों में से 14 पद रिक्त चल रहे हैं। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता ही स्वास्थ्य सेवाओं की मुख्य इकाई हैं, लेकिन आज बहुत से स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की कमी के कारण बंद पड़े हैं व नाम मात्र के स्वास्थ्य संस्थान रह गए हैं। कई वर्षों से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं। विधायक ने सरकार से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भर्ती के लिए नीति बनाने व इन रिक्त पदों पर कर्मचारियों की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। वहीं, इसके साथ ही बंजार नागरिक अस्पताल के निर्माणाधीन भवन के ए व बी ब्लॉकों को जल्द तैयार कर शुरू करने की बात कही गई है।

## समाजसेवी सुभाष चंद्र शर्मा ने जरूरतमंदों को भोजन खिला कर मनाया जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वजह से चर्चा में रहने वाले सुभाष चंद्र शर्मा ने अपना जन्मदिन बिना किसी बड़े तामझाम के जरूरतमंदों और बीमार लोगों के तिमारदारी को भोजन करवा कर मनाया।

क्षेत्रीय अस्पताल में स्थित अन्नपूर्णा में समाजसेवी ने अपना जन्मदिवस को मानव सेवा के साथ जोड़ते हुए लोगों को भोजन खिला कर बड़े सादगी के साथ मनाया। इस दौरान बहुत से लोगों ने भोजन किया। सुभाष के अनुसार मानवसेवा को भी वो सर्वोच्च सेवा मानते हैं और जरूरतमंदों और गरीबों को भोजन करवाना पुण्य का कार्य मानते हैं।




### क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में मनाया अध्यापक दिवस

## गुरु का हर किसी के जीवन में होता है बहुत महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के जिला मुख्यालय स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में अध्यापक दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया।

भारत में 5 सितंबर को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया जाता है, जो शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करता है। गुरु का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है। समाज में भी उनका अपना एक विशिष्ट स्थान होता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा में बहुत विश्वास रखते थे। वे एक महान दार्शनिक और शिक्षक थे। उन्हें अध्यापन से गहरा प्रेम था। एक आदर्श शिक्षक के सभी गुण उनमें विद्यमान थे। अध्यापक दिवस के इस उपलक्ष्य पर क्रिश्चियन नर्सिंग की सभी टीचर्स एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह, प्रधानाचार्या कुमारी करिश्मा बौद्ध, उपप्रधानाचार्या शिवानी शर्मा, मनीषा, सुमन, हीना ठाकुर, थुली शर्मा, अनुजा कोहली, भुवनेश्वरी कश्यप, प्रिया ठाकुर, भव्या शर्मा, प्रोमिला, दीपिका, सुनैना, रुचिका, पूजा, प्रोमिला ठाकुर, समृति शर्मा, रोहिनी ठाकुर वर्मा आदि ने स्टूडेंट्स द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं, अंत में संस्थान के प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह ने सभी स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया।



**व्यवस्था** पिछले 10 दिनों से कूड़े से खाद बनाने का काम हुआ ठप, कूड़े को रखने की व्यवस्था नहीं, मैनेजमेंट साइट के बाहर ही रखना पड़ रहा

# म्युनिसिपल वेस्ट मैनेजमेंट साइट की कूड़े से खाद बनाने वाली तीनों मशीनें बंद

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय के सरवरी में स्थित बस अड्डे के समीप स्थित म्युनिसिपल वेस्ट मैनेजमेंट साइट यानी नगरपालिका अपशिष्ट प्रबंधन स्थल में स्थित तीनों मशीनों ने कार्य करना बंद कर दिया है।

सरवरी में स्थित इस नगरपालिका अपशिष्ट प्रबंधन स्थल में पूरे शहर से लाए हुए कूड़े को इकट्ठा किया जाता है और यहां पर कूड़े को छांट कर उसे अलग किया जाता है। इसके बाद कूड़े से खाद बनाने वाली मशीन में कूड़े को कई तरह की प्रक्रियाओं से गुजारने के बाद खाद बनाने की प्रक्रिया को शुरू किया जाता है। इस वेस्ट मैनेजमेंट साइट में तीन बड़ी मशीनों के माध्यम से कूड़े से खाद बनाई जाती है। खाद बन जाने के बाद उस खाद को विभिन्न क्षेत्रों में भेजने से पहले खाद की गुणवत्ता को जांचने के लिए भेजा जाएगा और खाद की गुणवत्ता अगर सही पाई गई, तो उस खाद विभिन्न क्षेत्रों में बिक्री के लिए भेजा जाएगा। पिछले 10 दिनों से कूड़े से खाद बनाने की तीनों मशीनें तकनीकि खामियों के चलते बंद पड़ी हैं, जिस कारण वेस्ट मैनेजमेंट साइट का पूरा कार्य ठप हो चुका है। वेस्ट मैनेजमेंट साइट में काम कर रहे मजदूरों और अन्य कर्मियों के अनुसार पिछले 10 दिनों से तीनों मशीनें बंद पड़ी हुई हैं, जिस कारण पिछले 10 दिनों से कोई भी कार्य नहीं हो पाया है। इसके साथ ही इन मजदूरों ने यह ही बताया कि कूड़े को रखने की व्यवस्था नहीं है, जिस कारण विभिन्न क्षेत्रों से लाए हुए कूड़ों को वेस्ट मैनेजमेंट साइट के बाहर ही रखना पड़ रहा है। बेहरहाल वेस्ट मैनेजमेंट साइट का कार्य बंद होने के कारण कूड़े के ढेर में वृद्धि होती जा रही है। (अनंत ज्ञान)



म्युनिसिपल वेस्ट मैनेजमेंट साइट के अंदर का दृश्य।

**नगर** परिषद ईओ का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे तहसीलदार हरि सिंह यादव ने बताया कि वेस्ट मैनेजमेंट साइट की मशीनें तो ठीक हैं, मगर हम बाहर से कुछ अन्य मशीनों को ला कर वेस्ट मैनेजमेंट साइट में इस्तेमाल करना चाहते हैं, ताकि वेस्ट मैनेजमेंट साइट को सही से चलाया जा सके और वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य और भी अच्छे से किया जा सके। इसके साथ ही अन्य जिलों के वेस्ट मैनेजमेंट साइट की तर्ज पर इस बदबू रहित साइट बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं।



## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 62 | 44 | 27 | 135 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 33 | 25 | 16 | 74 |
| 03. | अमेरिका | 25 | 26 | 12 | 63 |
| 04. | नीदरलैंड | 16 | 07 | 05 | 28 |
| 05. | फ्रांस | 15 | 17 | 18 | 50 |
| 06. | ब्राजील | 15 | 14 | 27 | 45 |
| 07. | इटली | 13 | 09 | 23 | 45 |
| 08. | यूक्रेन | 12 | 18 | 21 | 51 |
| 09. | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 12 | 18 | 44 |
| 10. | स्पेन | 07 | 08 | 17 | 32 |
| 19. | भारत | 05 | 09 | 10 | 24 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय धाविका सिमरन टी-12 100 मीटर रेस के फाइनल में



**पेरिस।** भारतीय धाविका सिमरन ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए वीरवार को यहां पेरिस पैरालंपिक के महिला टी-12 वर्ग की 100 मीटर रेस के सेमीफाइनल में 12.33 सेकेंड के समय से फाइनल में जगह बनाई। नई दिल्ली की 24 वर्षीय मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी की कैटरीन म्यूलर रोटगार्ड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन सेमीफाइनल में कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर रही। अब वह आज रात को फाइनल में हिस्सा लेंगी जिसमें चार एथलीट होंगी। सिमरन ने बुधवार को अपनी हीट में 12.17 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

### यूगांडा की ओलंपिक एथलीट रेबेका चेप्टेगी की पेट्रोल हमले में मौत



**युगांडा।** युगांडा के अधिकारियों ने कहा है कि एक पेट्रोल हमले में ओलंपिक एथलीट रेबेटा चेप्टेगी की मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, उनके ब्वॉयफ्रेंड ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। 33 साल की मैराथन रनर ने हाल ही में समाप्त हुए पेरिस ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था। डॉक्टरों ने बताया था कि रविवार को हुए हमले में वो बुरी तरह जल गई थीं। उत्तर पश्चिमी कीनिया के अधिकारियों ने बताया कि रेबेका पर तब हमला हुआ जब वो चर्च से लौट रही थीं। रेबेका उत्तर पश्चिमी कीनिया में रह रही थीं और यहीं उन्होंने ट्रेनिंग भी ली थी।

### पहाड़ों पर मस्ती कर रही स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना फिलहाल क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। मैदान पर रहने के बजाय वह पहाड़ों में अपना समय बिता रही हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी छुट्टियों की तस्वीरें और वीडियो लगातार शेयर कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने प्रकृति के बीच अपने खूबसूरत पलों को दिखाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में वह पहाड़ों में खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं।



# पैरालंपिक: धर्मबीर ने क्लब थ्रो में जीता स्वर्ण और सूरमा ने रजत

**एजेंसी, पेरिस**





क्लब थ्रोअर धर्मबीर ने बुधवार को एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक और प्रणव सूरमा ने रजत पदक जीतकर यहां पैरालिंपिक की पुरुषों की एफ-51 स्पर्धा में भारत का दबदबा कायम किया। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता रहे सोनीपत के धरमबीर (35) ने चार प्रयासों में फाउल करने के बाद पांचवें प्रयास में 34.92 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक पक्का कर लिया। इसके बाद, सूरमा ने अपने पहले प्रयास में 34.59 मीटर का थ्रो किया, लेकिन फरीदाबाद का यह 29 वर्षीय खिलाड़ी, धरमबीर को पीछे नहीं छोड़ सका। सूरमा के रजत पदक जीतने के साथ ही भारत ने इस मुकाबले के पहले दो स्थानों पर कब्जा कर लिया। सूरमा की रीढ़ की हड्डी में 16 वर्ष की उम्र में उस समय चोट लग गई थी, जब उनके सिर पर सीमेंट शीट गिर गई थी। सर्बिया के फिलिप ग्राओवाक ने अपने दूसरे प्रयास में 34.18 मीटर का थ्रो कर कांस्य पदक जीता।

# भारतीय तीरंदाज हरविंद्र, पूजा मिश्रित टीम क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, पेरिस**





भारतीय तीरंदाज हरविंद्र सिंह और पूजा जटियां ने आस्ट्रेलिया के टेमोन केंटोन स्मिथ और अमांडा जेनिंग्स को शूटआफ में हराकर पेरिस पैरालंपिक रिकर्व मिश्रित टीम ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले तीरंदाज बने हरविंद्र ने पूजा के साथ दूसरे पदक की उम्मीद जगाई है।

पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने आस्ट्रेलियाई जोड़ी के कमजोर प्रदर्शन का फायदा उठाकर 4-0 से बढ़त बना ली। उन्होंने पहले दो सेट 31-18, 35-24 से जीते। अगले दो सेट उन्होंने 27-33, 24-33 से गंवा दिए। शूटआफ में उन्होंने 16-5 से जीत दर्ज की। रिकर्व ओपन वर्ग में तीरंदाज 10 संकेंद्रित वृत्तों से बने 122 सेमी के लक्ष्य पर 70 मीटर की दूरी पर खड़े होकर निशाना साधते हैं, जिसमें केंद्र से बाहर की ओर 10 अंक से लेकर एक अंक तक स्कोर होता है। हरियाणा के एक किसान परिवार से आने वाले हरविंदर की उम्र महज डेढ़ साल थी, जब उन्हें डेंगू हो गया और उन्हें दिए गए कुछ इंजेक्शन के साइड इफेक्ट के कारण उनके पैर खराब हो गए।

# मोना-सिद्धार्थ मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन के लिए नहीं कर सके क्वालीफाई





**एजेंसी, शेटराउ**

भारतीय निशानेबाज पैरालंपिक खेलों में मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच-1) श्रेणी में कांस्य पदक जीतने वाली मोना छह सीरिज के बाद 610.5 स्कोर करके 30वें स्थान पर रही। वहीं 10 मीटर एयर राइफल प्रोन क्वालीफिकेशन में 28वें स्थान पर रहे सिद्धार्थ बाबू 615.8 के स्कोर के साथ 22वें स्थान पर रहे। स्पेन के जुआन अंतोनियो रेनाल्डो 626.9 का स्कोर करके शीर्ष रहे। दो विश्व कप स्वर्ण जीत चुकी मोना ने 104.5, 100.8, 99.2, 101.9, 101.7, 102.4 स्कोर किया। वहीं सिद्धार्थ ने 101.0, 102.0, 103.1, 104.6, 101.7 और 103.4 का स्कोर बनाया।

# तीरंदाज हरविंद्र ने एक बार में एक तीर पर दिया ध्यान

**एजेंसी, पेरिस**



अप्रत्याशित परिस्थितियों से निपटना हरविंद्र सिंह के लिए कोई बड़ी बात नहीं है, फिर चाहे यह तीरंदाजी हो या सामान्य जीवन। उन्होंने कठिन सबक सीखकर इस खेल में महारत हासिल की है। हरियाणा के 33 वर्षीय हरविंद्र ने पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाला पहला भारतीय तीरंदाज बनकर इतिहास रचा है। जब वह सिर्फ एक साल के थे, तब डेंगू का इलाज गलत हो गया था जिसके कारण उनके पैर खराब हो गए, लेकिन अपनी किस्मत पर विलाप करने के बजाय उन्होंने इससे लड़ना चुना। हरविंद्र की पैरालंपिक में सफलता की यात्रा की शुरुआत तीन साल पहले तोक्यो में हुई जहां वह कांस्य पदक के साथ इन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने।

हरविंदर ने लगातार पांच जीत हासिल करके रिकर्व व्यक्तिगत ओपन श्रेणी में अपना लगातार दूसरा पैरालंपिक पदक जीता। उनकी ये सभी उपलब्धियां भारतीय तीरंदाजी में पहली बार हैं। और जब वह पदक पर निशाना नहीं लगा रहे होते तो हरविंद्र अर्थशास्त्र में पीएचडी करने में व्यस्त रहते हैं। खेल की वैश्विक संचालन संस्था 'वर्ल्ड आर्चरी' ने हरविंद्र के हवाले से कहा, ''पिछले कुछ महीनों में मैं अभ्यास में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, क्वालिफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड से भी ज्यादा अंक बना रहा था। यहां मैं नौवें स्थान पर रहा (रैंकिंग दौर में) और मेरा आत्मविश्वास थोड़ा कम हो गया। फिर भी मैंने मैचों पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि कुछ भी हो सकता था।''

उन्होंने कहा, ''तीरंदाजी अप्रत्याशित खेल है। सब कुछ हो सकता है। मैंने हर तीर पर ध्यान केंद्रित किया। केवल अगला तीर मायने रखता है।''

# अमेरिकी ओपन: स्वियातेक को हराकर पेगुला पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बुधवार को यहां दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीस साल की पेगुला ने स्वियातेक को 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले छठी वरीय पेगुला को ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में छह बार शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

अपने पिछले 15 मैच हार्ड कोर्ट पर खेलते हुए 14 जीत दर्ज करने वाली पेगुला ने कहा, ''मैं इतनी बार से हार रही थी। मुझे पता है कि सभी मेरे से इस बारे में पूछते रहते थे लेकिन मेरा जवाब होता था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इससे अलग क्या करना है। मुझे बस कोर्ट पर उतरकर मैच जीतना है। इसलिए भगवान का शुक्र है कि मैं ऐसा कर पाई और अंतत: मैं कह सकती हूं कि मैं सेमीफाइनलिस्ट हूं।'' सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को पेगुला की भिड़ंत चेक गणराज्य की गैरवरीय कैरोलिना मुचोवा से होगी। फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में स्वियातेक के खिलाफ हार के साथ उपविजेता रहीं मुचोवा ने 22वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया को 6-1, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### अंडर-12 खेलकूद प्रतियोगिता पर विभाग और सरकार के ढुलमुल रवैये का विरोध

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ अंडर-12 खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता पर विभाग व सरकार के ढुलमुल रवैये का खुले शब्दों में विरोध करता है। जब तक इस खेलकूद व संस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता को करवाने के आदेश जारी नहीं होते, तब तक हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ विरोध करता रहेगा। इस संदर्भ में बुधवार को प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष की आपातकालीन बैठक गूगल मीट के माध्यम से की गई, जिसमें कुछ निर्णय लिए गए। हिमाचल प्रदेश की हर पाठशाला के शिक्षा का संवाद और आम सभा में अंडर-12 खेलकूद एवं संस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को पूर्व की भांति रखे जाने को लेकर प्रस्ताव पारित कर उसे खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विभाग व शिक्षा मंत्री को भेजने का निर्णय लिया गया। यदि 6 सितंबर तक आयोजन के आदेश नहीं होते तो 7 सितंबर से समस्त प्राथमिक अध्यापक इस पत्र के खिलाफ काले बिल्ले लगाकर अपनी पाठशाला से विरोध दर्ज करेंगे और बहाली तक काले बिल्ले लगाएंगे। शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कोई भी ऑनलाइन एवं गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं करेंगे। इसके अलावा विभाग व सरकार के खिलाफ कईकड़े फैसले लिए गए।

# दानिल मेदवेदेव को हराकर यानिक सिनर सेमीफाइनल में



**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने बुधवार को यहां पुरुष एकल में पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव को चार सेट में हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इटली के शीर्ष वरीय सिनर ने 2021 के चैंपियन मेदवेदेव को 6-2, 1-6, 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं। सिनर ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहले दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मेदवेदेव को पांच सेट में हराकर खिताब जीता था। सिनर फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को ब्रिटेन के 25वें वरीय जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे। इसी दिन एक अन्य सेमीफाइनल 12वें वरीय टेलर फ्रिट्ज और 20वें वरीय फ्रांसेस टियाफो के बीच खेला जाएगा। बाइस साल के ड्रेपर ने पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह 2012 में एंडी मरे के ट्रॉफी जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले ब्रिटेन के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 7-5, 6-2 से हराया।

## गलोड़ में अंडर-19 जोनल स्तरीय खेलों का समापन

# कबड्डी में चैडू स्कूल बना विजेता

**अनंत ज्ञान, गलोड़**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलोड़ के प्रांगण में अंडर-19 छात्रों की जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य रविंद्र लखनपाल रहे, जिन्हें स्कूल प्रबंधन समिति ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर उपप्रधान संजीव कुमार, रिटायर्ड प्रिंसिपल पुरुषोत्तम दास, शमशेर सिंह, स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य एसपी शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार, संयोजक प्रदीप ठाकुर, सहसंयोजक अजय कुमार और एडीपीओ राकेश शर्मा मौजूद रहे।

फाइनल मुकाबलों में बैडमिंटन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जलाड़ी विजेता एवं गलोड़ उपविजेता रही, जबकि कबड्डी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैडू विजेता और रैल उपविजेता रही और वॉलीबाल में राजकीय विश्व माध्यमिक पाठशाला कांगू विजेता और गलोड़ उपविजेता रही। इस उपयोगिता में कुल 28 स्कूलों के 387 छात्रों ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने सभी विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि रविंद्र लखनपाल ने कहा कि खेल हमें सिखाता है कि गिरते उठते पीछे छूटने के बावजूद भी हम आगे बढ़ जाते हैं और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी आपस में गले मिलकर खेल को समाप्त करते हैं।

## आईसीसी मासिक पुरस्कार के लिए महाराज, सील्स और वेलालागे नामित

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज के साथ डुनिथ वेलालागे और जेडेन सील्स को वीरवार को आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। श्रीलंका के हरफनमौला वेलालागे ने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में प्रभावित किया था। वेलालागे ने 108 रन बनाए और सात विकेट लिए थे, जिससे श्रीलंका ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारत को हराया। उन्होंने पहले वनडे में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 67 रन की पारी खेलने के साथ रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकेट भी लिए। बाएं हाथ के स्पिनर महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज 1-0 से जीतने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। उन्होंने दो मैचों में 13 विकेट लिए। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज सील्स ने दूसरे टेस्ट में नौ विकेट समेत कुल 12 विकेट चटकाए।

**तैयारी** सचिव का चुनाव नहीं, नए एनसीए का होगा उद्घाटन

# भारतीय क्रिकेट बोर्ड की एजीएम 29 सितंबर को

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की 93वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) यहां 29 सितंबर को होगी, लेकिन इस बैठक में बोर्ड के नए सचिव का चुनाव होने की संभावना नहीं है। हालांकि, एजीएम शहर के बाहरी इलाके में अत्याधुनिक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के उद्घाटन के दौरान ही होगी क्योंकि बोर्ड के सभी सदस्य शहर में मौजूद रहेंगे। दो दशक से अधिक समय पहले अस्तित्व में आने के बाद से एनसीए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर से संचालित हो रहा है।

एजीएम में बीसीसीआई के नए सचिव का चुनाव नहीं होगा, लेकिन इस बैठक में चुनाव के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) की तारीख तय की जा सकती है। निवर्तमान सचिव जय शाह के सर्वसम्मति से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन चुने जाने के बाद नए सचिव की नियुक्ति अनिवार्य हो गई है। शाह हालांकि एमजीएम में बीसीसीआई सचिव की अपनी मौजूदगी भूमिका नहीं छोड़ेंगे, क्योंकि उन्हें आईसीसी चेयरमैन का प्रभार एक दिसंबर से संभालना है।

सभी राज्य संघों को भेजे गए बैठक के 18 सूत्री एजेंडे में अन्य महत्वपूर्ण बिंदु आईसीसी बैठकों में बीसीसीआई के प्रतिनिधि की नियुक्ति है क्योंकि शाह अब उस भूमिका के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। आईसीसी में बोर्ड के प्रतिनिधि के लिए बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी के नाम पर चर्चा हो सकती है या यह पद नए सचिव को मिल सकता है, लेकिन 69 वर्षीय बिन्नी के लिए उम्र उनके पक्ष में नहीं है, क्योंकि प्रशासन में शामिल होने के लिए अधिकतम उम्र 70 वर्ष है।

इन दो महत्वपूर्ण मामलों के अलावा एजीएम में आईपीएल की संचालन परिषद में आमसभा के दो और भारतीय क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) के एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाएगा। एजीएम में बोर्ड की कुछ नियमित गतिविधियां भी शामिल होंगी जैसे 2024-25 के लिए वार्षिक बजट को स्वीकृति और लोकपाल तथा आचरण अधिकारी की नियुक्ति। इसके अलावा भी कई अहम फैसले लिए जाएंगे।